

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, शनिवार 11 जनवरी 2025 ■ पौष शुक्ल पक्ष-12 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-282 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 12 जनवरी 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur
phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### माओवादियों ने किया आईईडी ब्लास्ट, एक जवान घायल

**बीजापुर,11 जनवरी।** जिले में शनिवार को नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी में विस्फोट होने से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक जवान घायल हो गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि विस्फोट महादेव घाट इलाके में उस वक्त हुआ जब सीआरपीएफ की 196वीं बटालियन की एक टीम सुबह इलाके में निगरानी अभियान पर निकली थी। उन्होंने कहा कि गश्त के दौरान सीआरपीएफ जवान का कदम अनजाने में प्रेशर आईईडी पर पड़ गया, जिससे विस्फोट हो गया। अधिकारी ने बताया कि घायल जवान को बीजापुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इससे पहले शुक्रवार को पड़ोसी नारायणपुर जिले में दो स्थानों पर नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी में विस्फोट होने से एक ग्रामीण की मौत हो गई थी और तीन अन्य घायल हो गए थे। 6 जनवरी को बीजापुर जिले में नक्सलियों ने एक वाहन को आईईडी से उड़ा दिया था, जिसमें आठ पुलिसकर्मी और एक नागरिक चालक की मौत हो गई थी।

### 12वीं की छात्रा का अपहरण कर रायपुर में किया दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा,11 जनवरी।** 12वीं की छात्रा का अपहरण कर रायपुर में दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है. पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया. आरोपी और छात्रा को रायपुर से बरामद कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है. पूरा मामला मानिकपुर चौकी का है. छात्रा के लापता होने के बाद परिजनों ने मानिकपुर चौकी पुलिस को सूचना दी थी. पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी घनश्याम केवट निवासी मुलमुला जांजगीर को रायपुर से गिरफ्तार किया. जानकारी के मुताबिक, आरोपी वाहन चालक है और स्कूल में सामान छोड़ने आता था. इस दौरान उनकी जान पहचान छात्रा से हुई, फिर बहला फुसलाकर छात्रा का अपहरण कर उसे रायपुर ले गया, जहां उसने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया. मानिकपुर चौकी प्रभारी नवीन पटेल ने बताया कि पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर आरोपी और नाबालिकग दोनों को बरामद कर लिया गया है. आगे की कार्रवाई की जा रही है.

### टीकू तलसानिया को आया हार्ट अटैक

**मुंबई,11 जनवरी।** बॉलीवुड इंडस्ट्री से एक बार फिर चौंकाने वाली खबर आ रही है. खबर मिल रही है कि मशहूर एक्टर-कॉमेडियन टीकू तलसानिया की तबीयत अचानक बिगड़ गई है. हार्ट अटैक आने के बाद उनकी हालात क्रिटिकल बताई जा रही है. जिसके बाद उन्हें हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है और उनका इलाज चल रहा है. मीडिया के अनुसार, 70 साल के सीनियर एक्टर टीकू तलसानिया को दिल का दौरा पड़ा है और जिसके बाद से उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है. इसके अलावा उनकी हेल्थ को लेकर कोई अपडेट सामने नहीं आया है. अच्छा फील नहीं करने के चलते टीकू तलसानिया को हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया. डॉक्टरों ने इसे प्राइमरी कारण हार्ट अटैक बताया गया है.

### गौ तस्करों को उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की सख्त चेतावनी

## 'नहीं माने तो उल्टा लटकाकर सीधा किया जाएगा'

रायपुर ■ तरुण छत्तीसगढ़



रायपुर में गौमांस बिक्री के आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है. मामले से जुड़े सभी पर एकदम सख्त से सख्त कार्रवाई होगी. विष्णुदेव सरकार में गौ तस्करों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा. छत्तीसगढ़ में ऐसे कृत्य करने वालों को उल्टा लटकाकर सीधा किया जाएगा. यह चेतावनी उप मुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में दी है. उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के पहले मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भी इस पूरे प्रकरण पर कड़ी चेतावनी देते हुए कहा था कि यह न केवल गंभीर अपराध है, बल्कि यह सनातन आस्था और सामाजिक सद्भाव को गहरा आघात पहुंचाने वाला कृत्य है. गौमाता की तस्करी करने वाले या तो सुधर जाएं या छत्तीसगढ़ छोड़ दें. ऐसे अपराधियों की प्रदेश में कोई जगह नहीं है.

बता दें कि 8 और 9 जनवरी की दरमियानी रात रायपुर के मोमिनपारा स्थित एक मकान में कुछ व्यक्तियों द्वारा गौमांस की बिक्री किए जाने की सूचना पर पुलिस ने छापा मारा था. कमरे की तलाशी लेने के दौरान कमरे में गौमांस, मांस काटने का बड़ा हथियार, चाकू, तराजू सहित अन्य सामग्री पाई गई. मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी खुर्शीद अली के साथ मुंतजिर हैदर, अशफाक अली, अरमान हैदर, ईरशाद कुरैशी और समीर मंडल को गिरफ्तार किया गया है. इनमें से मुख्य आरोपी अपने बेटे समीर और इरशाद के साथ मिलकर गौ मांस काटने और बेचने का काम करते था.

## राम मंदिर पहुंचे योगी, रामलला की पूजा की



**लखनऊ,11 जनवरी।** महाकुम्भ के प्रथम स्नान पर्व 13 जनवरी से पूर्व पूरा संगम क्षेत्र वेद की ऋचाओं, मंत्रों और प्रवचन से गुंजित होने लगा है। पहले स्नान पर्व के बाद मेला क्षेत्र में बन रहीं विशाल यज्ञशालाओं में आहुतियां पड़नी शुरू हो जाएंगी। चार हजार हेक्टेयर मेले में बसे मेला क्षेत्र में बनी सैकड़ों यज्ञशालाओं में विश्व और जन कल्याण समेत विभिन्न विषयों पर करोड़ों आहुतियां पड़ेंगी। बड़े हनुमान मंदिर से पहला पीपा पुल पार करते ही शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तश्वरानंद के शिविर में मेले की सबसे बड़ी यज्ञशाला बन रही है। नौ मंजिला यज्ञशाला देखकर हर कोई अचंभित हो जाता है। वहीं अयोध्या राम मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर आज भव्य उत्सव शुरू हो गया है। धार्मिक अनुष्ठान शुरू हो गए हैं। समूचा परिसर रंग बिरंगे फूलों से सजाया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या राम मंदिर पहुंच गए हैं। योगी रामलला का अभिषेक कर दर्शन पूजन कर रहे हैं। सीएम योगी अयोध्या राम मंदिर पहुंच गए हैं। प्रतिष्ठा द्वादशी के मुख्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर सीएम योगी आदित्यनाथ पहुंचे हैं। श्री राम मंदिर परिसर के अंगद टीला पर मुख्य कार्यक्रम होगा।

## दुर्ग स्टेशन पर खड़ी एसी-3टियर बोगी में आग लगी

दुर्ग,11 जनवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़




रेलवे जंक्शन में उस समय अफरा तफरी फैल गई जब AC-3 टियर बोगी से अचानक धुआं निकलने लगा. कुछ ही देर में आग की बड़ी बड़ी लपटें बोगी से बाहर आने लग गई. जिसके बाद वहां मौजूद रेलवे स्टाफ में हड़कंप मच गया दुर्ग रेलवे स्टेशन में एसी कोच में आग दुर्ग रेलवे स्टेशन के आउटर यार्ड में बड़ी संख्या में ट्रेन खड़ी थी. सुबह 10 बजे एक यात्री बोगी के एसी कोच में धुआं निकलते देखकर रेलवे अधिकारियो को सूचना दिया गया.कुछ देर में एसी कोच से आग की बड़ी लपटें निकलने लगी. जिसके बाद रेलवे के अधिकारी, दुर्ग आरपीएफ ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी. तुरंत मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग बुझाने की कोशिश शुरू की यार्ड में खड़े एसी कोच में लगी आग आग की सूचना मिलने पर टीम के साथ गूड्स शेड यार्ड पहुंचे. वहां यार्ड में खड़ी एक एसी कोच में आग की लपटें निकलते देखने पर फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई. फायर ब्रिगेड आग बुझाने का प्रयास कर रहा है. शॉर्ट सर्किट से आग लगने का संभावना जताई जा रही है. यह कोच अतिरिक्त कोच था, जो किसी कोच में खराबी आने पर भेजा जाता था शॉर्ट सर्किट की संभावनाः एनडीआरएफ अधिकारी नागेंद्र सिंह ने बताया कि खड़ी गाड़ी में आग लगी है. AC 3 टियर बोगी में आग लगी, जिसके बाद कोच पूरी तरह जलकर खाक हो गया है. फायर ब्रिगेड आग को बुझाने में जुटी है. कोच में आग लगने का कारण फिलहाल पता नहीं चला है. कोच पूरी तरह से बंद था तो बाहर से किसी शरारती तत्व के आग लगाना मुश्किल है. शॉर्ट सर्किट या बैटरी स्पार्किंग से आग लगने की आशंका है. दो फायर ब्रिगेड की गाड़ी आग बुझाने में जुटी है. जल्द ही आग बुझा लिया जाएगा जानकारी के अनुसार दुर्ग रेलवे स्टेशन के गूड्स शेड में बोगियों को खड़ा किया जाता है. इस दौरान आज सुबह एसी कोच से धुआं निकलते देखा. जिसके बाद रेलवे के कर्मचारियों ने आग लगी कोच को अलग किया, जिससे आग दूसरे कोच या ट्रेन तक नहीं फैल सकी

## कुसुम लोहा फैक्ट्री हादसे में साइलो के नीचे दबे इंजीनियर और 2 मजदूरों का शव बरामद



**मुंगेली,11जनवरी।** छत्तीसगढ़ के मुंगेली जिले में गुरुवार को कुसुम लोहा फैक्ट्री में दर्दनाक हादसे में एक इंजीनियर और 3 मजदूरों की मौत के बाद पीड़ित परिवारों ने बवाल खड़ा कर दिया है. परिजनों ने मृतकों के शव का पोस्टमॉर्टम कराने से इनकार कर दिया है. इसके अलावा उन्होंने प्रशासन पर मामले की अनदेखी का आरोप लगाते हुए 50 लाख रुपए मुआवजे और सरकारी नौकरी की है. वहीं मांग पूरी ना होने पर परिजनों ने शव ना लेने की भी चेतावनी दी है. बता दें, जिले के सरगांव में ग्राम पंचायत रामबोड़ स्थित कुसुम लोहा फैक्ट्री में 9 जनवरी को साइलो के गिरने से एक इंजीनियर के अलावा 3 मजदूर राखड़ में दब गए. घटना की सूचना मिलते ही एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और स्थानीय प्रशासन की टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया. सबसे पहले एक मजदूर मनोज धृतलहरे को घायल अवस्था में घटना स्थल से निकाला गया था, जिसकी उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई थी. वहीं 40 घंटे के बाद आज सुबह इंजीनियर और 2 मजदूरों के शव को ढूंढकर निकाला गया.

## पंजाब में आप विधायक गुरप्रीत बस्सी गोगी की गोली लगने से मौत



**चंडीगढ़,11 जनवरी।** पंजाब के लुधियाना पश्चिमी से आम आदमी पार्टी के विधायक गुरप्रीत बस्सी गोगी की सिर में गोली लगने से मौत हो गई. कयास यह लगाए जा रहे हैं कि विधायक ने अपने आप को गोली मारी है. आप विधायक की मौत कैसे हुई, गोली अचानक कैसे चली या उन्होंने खुद अपने आप गोली मारी या फिर किसी और ने गोली चलाई के बारे अभी कुछ भी नहीं कहा जा सकता. डीसीपी जसकरण सिंह तेजा ने आप विधायक की मौत की पुष्टि करते हुए बताया कि उन्हें मृत अवस्था में डीएमसी अस्पताल लाया गया था. उनके शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया गया है. यह घटना देर रात 12 बजे की है. घटना से पहले उन्होंने हर रोज की तरह रात में खाना खाया था. पुलिस आयुक्त कुलदीप चहल और उपायुक्त जितेंद्र जोरवाल डीएमसीएच में मौजूद हैं. आप विधायक की मौत की वजह का पता लगाने के लिए शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा. डीसीपी जसकरण सिंह तेजा ने कहा कि परिवार के सदस्यों के अनुसार उन्होंने खुद को गलती से गोली मार ली. उनके सिर में गोली लगी है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा. आप विधायक गुरप्रीत बस्सी गोगी के परिवार में उनकी पत्नी, एक बेटा और बेटी है.

## 2 महिला माओवादी समेत 9 हार्डकोर नक्सलियों ने किया सरेंडर

सुकमा,11 जनवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़



छत्तीसगढ़ के सुकमा में आज 2 महिला नक्सलियों समेत 9 हार्डकोर नक्सलियों ने आत्म समर्पण कर दिया है. इनमें से 2 नक्सलियों पर 8-8 लाख रुपए के इनाम थे और 4 नक्सलियों पर 5-5 लाख रुपए के इनाम की घोषणा की गई थी. सरेण्डर हुए सभी 9 नक्सलियों पर कुल 43 लाख रुपए का इनाम घोषित था, जो बुर्कापाल घटना समेत दर्जनों घटनाओं में शामिल रहे हैं. इन सभी नक्सलियों ने पुलिस के दबाव बढ़ने पर और नियद नेल्ला नार योजना से प्रभावित होकर स्क्किरण चौहान के समक्ष आत्म समर्पण किया है.बता दें, बस्तर संभाग नक्सलियों का कोर क्षेत्र माना जाता है, लेकिन संभाग के सभी जिलों में सुरक्षा बलों के नए केम्प स्थापित किए गए हैं, जिससे नक्सलियों पर पुलिस का दबाव बढ़ा है. वहीं सरकार द्वारा चलाई जा रही नियद नेल्ला नार योजना से भी प्रभावित होकर नक्सलियों ने आत्म समर्पण किया और मुख्य धारा से जुड़ कर नए सिरे से शुरुआत करने का फैसला लिया है. नियद नेल्लानार का मतलब है 'आपका आदर्श गांव'. यह योजना विष्णुदेव साय सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसमें सुरक्षा कैंपों के पांच किलोमीटर के दायरे में आने वाले गांवों में केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत हितग्राहियों तक पहुंचाने की मुहिम चलायी जा रही है. इस योजना के सुचारू क्रियान्वयन से इसका असर अब अंदरूनी गांवों में भी देखने को मिल रहा है. स्थानीय हाट बाजार अब गुलजार होने लगे हैं. बंद पड़े हाट बाजार और स्कूल अब फिर से शुरू हो रहे हैं, जिससे बस्तर अंचल की तस्वीर बदल रही है. नक्सली प्रगतीशील समाज का हिस्सा बनने सामने आकर आत्म समर्पण कर रहे हैं और सरकार उनका पुनरुत्थान कर रही है. सालों से बम धमाकों के बीच दहशत में जीवन गुजारने वाले आदिवासियों के जीवन का पुराना दौर लौटने लगा है और इन इलाकों में सालों बाद मांदर की थाप फिर गूंजने लगी है.

## सोशल मीडिया में हलचल मचा रहा 'छत्तीसगढ़ के रामायण'

**रायपुर,11 जनवरी।** सोशल मीडिया में इन शुक्रवार से एक वीडियो हलचल मचा रहा है, नाम है छत्तीसगढ़ के रामायण. इस रामायण में जहां छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को भगवान राम बताया गया है, वहीं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को रावण बताया गया है. पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस पर तंज कसते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी, आप कुछ भी हो सकते हैं, लेकिन भगवान नहीं. 'छत्तीसगढ़ के रामायण' को सोर्स को लेकर कोई स्पष्टता नहीं है. हालांकि, इस वीडियो के लिए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के पीआर टीम को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं. प्रोफेशनल तरीके से बनाए गए इस वीडियो में भाजपा और कांग्रेस के नेताओं के साथ सौम्या चौरसिया जैसी पूर्व अधिकारी को भी स्थान दिया गया है. इसमें जहां भाजपा को रामायण के राम-लक्ष्मण जैसे सकारात्मक पात्रों के तौर पर तो वहीं दूसरी ओर कांग्रेस नेताओं को नकारात्मक पात्रों के तौर पर दर्शाया गया है. वीडियो में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को राम, तो पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को रावण, डिप्टी सीएम अरुण साव को लक्ष्मण, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव को भारत, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को शत्रुघ्न तो वहीं उप मुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा को हनुमान, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी को दशरथ, राम विचार नेताम को सुग्रीव बताया गया है. वहीं दूसरी ओर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को रावण, पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव को विभीषण, कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत को ताड़का, सारंगढ़ विधायक उत्तरी जांगड़े को मंथरा, कसडोल की पूर्व विधायक शकुंतला साहू को




सूर्पणखा बताया गया है. इसके अलावा पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा को मारिच, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को कुंभकरण और पूर्व महापौर एजाज ढेबर को लवणासुर बताया गया है. पूर्व अधिकारी सौम्या चौरसिया को कैकई बताया गया है.

**पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने कसा तंज**-जाहिर है रामायण के नकारात्मक पात्रों में कोई नहीं शामिल किया जाना चाहेगा, और वह भी रावण की, लिहाजा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया में किए अपने पोस्ट में इस रामायण के लिए मुख्यमंत्री साय के पीआर टीम को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी! आप कुछ भी हो सकते हैं आप भगवान नहीं हो सकते. हमारे भांचा राम से अपनी तुलना करके आप छत्तीसगढ़ के लोगों की भावनाएँ आहत कर रहे हैं.

**पूर्व मंत्री भगत ने इसे घोर आपत्तिजनक बताया**-वहीं पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने इस वीडियो पर आपत्ति जताते हुए कहा कि रामायण समरसता के संदेश के लिए है, और यह वायरल वीडियो समरसता को खराब करने वाला है. जिस तरह से कांग्रेस के नेताओं को प्रदर्शित करने की कोशिश की गई है, वह यह घोर आपत्तिजनक है. मैं इसकी कड़े शब्दों में निंदा करता हूं. साथ ही मुख्यमंत्री से आग्रह करता हूं कि इस पर तत्काल रोक लगाई जाए. जिसने भी इस प्रकार का दुस्साहस किया है, उसे कठोर सजा दी जाए.

## 'छत्तीसगढ़ के रामायण' के किरदारों पर डिप्टी सीएम अरुण साव का तंज

**रायपुर,11 जनवरी।** सोशल मीडिया में वायरल छत्तीसगढ़ के रामायण' के पात्रों को लेकर शुरू हुए विवाद पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं को उस रूप में दिखाया गया है, तो उन्हें सोचना चाहिए. विष्णु का सुशासन केवल नारा नहीं है, हमने वास्तव में इसे करके दिखाया है. छत्तीसगढ़ के रामायण में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को राम के तौर पर दर्शाए जाने पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि इस पर मेरी कोई टिप्पणी नहीं है, लेकिन यह कल्पना सही है कि जिस तरह से राज्य में हमारी सरकार काम कर रही है. जिस प्रकार से हम जरूरतमंद को सेवा कर रहे हैं. उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने वहीं नगरी निकाय चुनाव में कांग्रेस की तैयारी नहीं दिखने पर कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेता अपनी पार्टी के बारे में विचार करने की बजाय इधर-उधर की बातें करके जनता में भ्रम फैलाने का काम करते हैं. कांग्रेस के नेता अपने अस्तित्व को बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी निश्चित रूप से लोग काम करने के लिए तैयार नहीं हो रही है. जनता तो दूर जा ही चुकी है, कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता भी पार्टी से दूर जा रहे हैं. इसके साथ विष्णु की सरकार राम राज्य के कितने करीब हैं, इस पर अरुण साव ने कहा कि जिस राज्य में गरीबों की सेवा हो, जरूरतमंदों को मदद हो और सरकार का काम निष्पक्ष और पारदर्शी हो, इसी से राम राज्य की कल्पना की जा सकती है.

### खो-खो विश्वकप 2025, भारत में 13 से 19 जनवरी तक होगा

jasclaudius@gmail.com

# विलुप्त होते खेलों पर सरकार मेहरबान

हमारे देश में ऐसे बहुत से खेल हैं जो भले ही व्यावसायिक रूप से लाभप्रद ना हो परंतु आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में लोकप्रिय है। शतरंज, कबड्डी, मलखंब, योगासन जैसे खेलों के साथ ही खो-खो भी भारत के लोगों की पसंदीदा प्राचीन खेलों में से एक है। आधुनिक युग में प्रत्येक मनुष्य स्वयं को शारीरिक रूप से चुस्त-दुरुस्त रखना चाहता है तो फिर वह खेल से जुड़े रहने के लिए बाध्य है। सुबह-शाम के पैदलचाल से लेकर खुले या बंद कमरे वाले व्यायाम शाला में प्रत्येक उम्र के महिला या पुरुष को देखा जा सकता है। आखिर क्या है यह सबकुछ? यह है प्रत्येक खेल मैदान में उतरने का पूर्वाभ्यास। दौड़ना, उछलना, कूदना, पैदल चलना, वजन उठाना आदि सभी क्रिया किसी न किसी खेल से जुड़े होने का प्रमाण है। पुरातन भारत की संस्कृति ग्रामीण पृष्ठभूमि से आती है। हमारे देश में कम खर्च, कम खेल सामग्री, छोटे मैदान, कम समय में परिणाम आने वाले खेलों के बारे में बहुत सी जानकारी मिलती है। उनमें से एक है खो-खो। माना जाता है कि खो-खो का खेल वर्तमान महाराष्ट्र की धरती पर पला बढ़ा। इस खेल के बारे में महाभारत में उल्लेख मिलता है। पहले माना जाता है कि खो-खो रथों के प्रयोग से खेला जाता था। खो-खो के वर्तमान प्रकार पैर से खेलने की शुरुवात प्रथम विश्व युद्ध के दौरान 1914 से माना जाता है। पुणे के डेक्कन जिमखाना क्लब में प्रथमतः खो-खो के नियम बनाये गये। भारत में पहली बार खो-खो की राष्ट्रीय प्रतियोगिता आंध्रप्रदेश के विजयवाड़ा में 1959-60 में पुरुषों की फिर महाराष्ट्र के कोल्हापुर में 1960-61 से महिला वर्ग की चैंपियनशिप शुरू हुई। खो-खो का खेल भारत के ग्रामीण अंचल में 1980 तक बहुत ही पसंद किया जाता था परंतु बाद में इसकी चमक धीरे-धीरे कम होने लगी। हालांकि 1936 के बर्लिन ओलंपिक में खो-खो को प्रदर्शन खेल के रूप में शामिल किया गया था। शतरंज मलखंब, कबड्डी, योगासन, खो-खो प्राचीनकाल में साथ ही अब वर्तमान में 21वीं सदी में रोल बाल जैसा खेल उभरकर सामने आया है। भारत में जन्में या अविष्कृत खेलों को लोकप्रिय बनाने की जिम्मेदारी वस्तुतः इस खेल के भारतीय




फेडरेशन के पदाधिकारियों की है परंतु जैसे इस खेल को आज विश्व में लोकप्रिय होना चाहिए अब तक नहीं हो सका है। फिर भी अब कोशिश की जा रही है। खो-खो का खेल तीव्र गति, पूर्वानुमान, चतुराई और आक्रामक है। आज के लोगों तक इस खेल को पहुंचाने के लिए इस खेल के नियम में बहुत से परिवर्तन किए गए हैं। आधुनिक काल में सोशल व इलेक्ट्रानिक मीडिया द्वारा इसके सीधे प्रसारण से यह खेल न सिर्फ भारत बल्कि विश्व के कई देशों में अपनी उपस्थिति दिखला रहा है।

भारत में इन दिनों बहुत ही व्यवस्थित रूप से खो-खो को गांव-गांव तक पहुंचाने की रणनीति बनाई गई है। भारत के खो-खो फेडरेशन के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल द्वारा इसके लिए भारत के दस शहरों के 200 शालाओं में इसके खेले जाने की विस्तृत योजना बनाई गई है। भारत में 50 लाख खो-खो के सदस्य बनाये जाने का लक्ष्य रखा गया है। फिलहाल पूरी दुनिया के 54 देशों में खो-खो को अंतर्राष्ट्रीय खो-खो फेडरेशन द्वारा मान्यता दी जा चुकी है। इस खेल की लोकप्रियता बढ़ाने के लिए 13 से 19 जनवरी 2025 तक दिल्ली में विश्वकप आयोजित किया जा रहा है। इसमें छः महाद्वीपों के 24 देश भाग ले रहे हैं जिसमें 20 पुरुष, 19 महिला टीम शामिल हैं। अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने कहा है कि 2032 में खो-खो को ओलंपिक खेलों में शामिल किए जाने का हमारा लक्ष्य है अतः यह विश्वकप हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

## एक नज़र

### नशीली दवाइयों के सहित तस्कर गिरफ्तार



**भिलाई, 11 जनवरी।** भिलाई उत्तर प्रदेश के बदायूं से नशीली दवाइयों की खेप लेकर दो तस्कर भिलाई पहुंचे दोनों नशीली दवाई बेचने के लिए सुपेला चौक के पास ग्राहक का इंतजार कर रहे थे आरोपितों को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपितों से बदायूं के मुख्य तस्कर की भी जानकारी मिली है। इसके आधार पर पुलिस अब उसकी भी जल्द ही गिरफ्तारी करेगी आरोपितों से 8,544 प्राक्सिको स्पास कैप्सूल, दो वाहन और दो मोबाइल जब्त किया गया है इसकी कुल कीमत करीब एक लाख 75 हजार 148 रुपये आकी गई है आरोपितों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है सुपेला टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने सुपेला चौक के पास से ग्राम कुसुमकसा दल्लीराजहरा जिला बालोद निवासी 38 वर्षीय असरफ मिर्जा और पावर हाउस चटाई क्वार्टर निवासी 27 मिराजुद्दीन को गिरफ्तार किया गया है दोनों बैग में नशीली दवाइयां रखकर यहां के लोकल कोचिया का इंतजार कर रहे थे मुखबिर से जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने दोनों को पकड़ा पूछताछ में आरोपितों ने जानकारी दी कि उन्होंने उत्तर प्रदेश के बदायूं निवासी सूफियान नाम के व्यक्ति से नशीली दवाइयों की खेप ली थी और उसे लेकर भिलाई पहुंचे थे यहां के लोकल कोचिया को नशीली दवाई देने के बाद दोनों दल्लीराजहरा जाने वाले थे। इसके पहले ही पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। आरोपितों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस अब जल्द ही मुख्य तस्कर सूफियान को पकड़ने के लिए बदायूं रवाना होने वाली है। वहीं आरोपितों से यहां के लोकल नेटवर्क के बारे में पूछताछ की जा रही है

### रास्ता मांगने पर विवाद

**भिलाई, 11 जनवरी।** भिलाई उतई थाना क्षेत्र के ग्राम मुड़पार में रास्ता मांगने को लेकर विवाद हो गया। जिसमें गांव के ही जयराम यादव ने आवेदक 70 वर्षीय हरे राम यादव के साथ गाली-गलौज की। उसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुए निकट स्थित निर्माणाधीन आवास में धक्का देकर गिरा दिया।

### चाकू लेकर घूम रहा युवक गिरफ्तार

**भिलाई, 11 जनवरी।** भिलाई जेवरा सिरसा चौकी पुलिस ने ग्राम सिरसाखुर्द निवासी आरोपित 22 वर्षीय योगेश गोस्वामी को सिरसाखुर्द बाजार चौक के पास से गिरफ्तार किया आरोपित चौक पर चाकू लेकर घूम रहा था और वहां से आने जाने वालों को धमका रहा था स्थानीय लोगों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी इसके बाद पुलिस ने आरोपित को घेराबंदी कर पकड़ा।

### योजना का लाभ मिले,ध्यान दिया जा रहा



**जामुल , 11 जनवरी।** नगर पालिका परिषद जामुल अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 का रैपिड असेसमेंट सर्वे 15 नवंबर 2024 से आरंभ किया गया है।जिसका मुख्य उद्देश्य समाज के ऐसे सभी वर्ग जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं उनको अपने पक्के का लाभ पहुंचना।प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शासन की अन्य सभी योजनाओं का लाभ लाभार्थियों नियमानुसार मिल सके इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखा जा रहा है।अब तक लगभाग 500 आवेदन नगर पालिका परिषद जामुल द्वारा प्राप्त कर लिए गए हैं जिनकी ऑनलाइन प्रक्रिया जारी है।

### डोमशेड के लिए भूमिपूजन



**जामुल , 11 जनवरी।** नगर पालिका परिषद जामुल में नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर के नेतृत्व में बड़े स्तर पर विकास कार्य हो रहे है। विकास कार्यो की इस कडी में नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने वार्ड क्र. 14 में अपने स्वयं की निधि से पांच लाख रूपये के लागत से बनने वाले डोमशेड के लिए भूमिपूजन किया और कहा कि विकास कार्य धरातल में दिखना चाहिये। जामुल नगर में जितने भी कार्य हो रहे है सभी कार्य आम जनता के सामने है। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद रामदुलार साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष जोगेश्वर सोनी, लल्लन सिंह, विकास सिंह, दिवाकर सिंह, अश्वनी यादव, नागेन्दर सिंह, शेर सिंह, धर्मेन्द्र पंडित, विजय सिंह, आलोक ठाकुर सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

### एमएमयू वरदान साबित हो रही



**जामुल , 11 जनवरी।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व नगरीय निकाय मंत्री अरूण साव के नेतृत्व में चल रही मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत मोबाईल मेडिकल यूनिट चल रही है। आम नागरिकों के लिए यह वरदान साबित हो रही है। नगर पालिका परिषद जामुल के अंतर्गत चल रही मोबाईल मेडिकल यूनिट में श्रीमती सीमा बख्शी मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद जामुल के द्वारा निरीक्षण किया गया और साथ ही साथ अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया गया। स्वास्थ्य के विषय में मेडिकल ऑफिसर से जायजा लिया गया तथा योजना को और प्रभावशील बनाने के लिए निर्देश दिया गया। इस बीच उपअभियंता कृष्ण नारायण ताम्रकार, स0रा0नि0 हर्षा मेहरा उपस्थित थे।

# पीएम मोदी किसानों के हित में ला रहे अनेक योजनाएं : विजय



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 11 जनवरी।** छत्तीसगढ़ युवा प्रगतिशील किसान संघ के तत्वावधान में किसान मेला का आयोजन कुम्हारी में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि रामविचार नेताम कृषि मंत्री अतिविशिष्ट अतिथि विजय बघेल सांसद दुर्ग लोकसभा विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक देवजी पटेल विमल चोपड़ा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाडा जामुल पालिका अध्यक्ष ईश्वर ठाकुर नटवर ताम्रकार अध्यक्षता अध्यक्ष रुपेन्द्र जायसवाल ने किया। सांसद विजय बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि मात्र एक साल में अहिवरा में विकास की गंगा बहाने वाले सीधे और सरल डोमन लाल कोर्सेवाडा विधायक हैं। कुम्हारी पाटन विधानसभा का बॉर्डर पड़ता है हमारा दुर्ग क्षेत्र कृषि में उन्नत हो चुका है और रिकॉर्ड कृषि उत्पादन कर रहा है। यहां की सब्जी फल फूल अनेक देश विदेश में भी जा रहा है। ये हमारी प्रगति हैं ये हमारा संकल्प है। यहां से दौ सौ टन सब्जी की गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर प्रयागराज में कुम्भ मेला में रवाना किया गया। सांसद विजय बघेल ने आगे कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने नारा दिया था जय जवान जय किसान, जवान देश की सरहद पर रक्षा करते हैं और किसान इस देश की अंदरूनी व्यवस्था में देश का पेट भरने का काम करते हैं। ऐसे देवतुल्य किसानों का हृदय से स्वागत करता हूं। किसानों के हितों में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अनेकों योजनाएं ला रहे हैं किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी किसान आगे बढ़ेगा तो देश आगे बढ़ेगा देश की प्रगति बढ़ेगी और देश सर्वे शिखर पर पहुंचेगा देश की तरक्की के लिए 11 सालों से प्रधानमंत्री लगें हुए हैं। अनेकों चुनौतियां उलझनें आई बीना डरे डटे रहे वे संकल्प को पूरा कर रहे हैं। आधुनिक खेती का जमाना है हमारे किसान हर आधुनिकता को आत्मसात किया उसी का परिणाम है निकला। पहले टमाटर को फेंक दिया जाता था आज कहीं से कोई खबर नहीं आती। सौभाग्य शाली किसान बैठे हैं मैं भी किसान का बेटा हूं पहले कितनी परेशानियां का हम सभी को सामना करना पड़ता था शासन प्रशासन के सहयोग और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने ये बीड़ा उठाया है। छत्तीसगढ़ का किसान आगे बढ़ेगा और छत्तीसगढ़ का नाम देश विदेशों में रौनक करेगा इस संकल्प को आगे बढ़ायेंगे।

# सेक्टर-9 हनुमान मंदिर में विधायक चढ़ाएंगे 2 तोला सोने का टीका



**भिलाई, 11 जनवरी।** अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की आज पहली सालगिरह है। इस मौके पर अयोध्या की तर्ज पर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन द्वारा भिलाई के सेक्टर-9 स्थित हनुमान मंदिर में भव्य आयोजन की तैयारी की गई है। यहां आज शाम 7 बजे से हनुमानजी का विशेष अभिषेक और महाआरती में हजारों भक्त शामिल होंगे। वैशाली नगर विधायक सेन ने बताया कि मंदिर को फूलों से सजाया गया है। शाम 7 बजे से हनुमानजी के अभिषेक और पूजन से कार्यक्रम की शुरुआत होगी। हनुमानजी को 2 तोले का टीका भी आज महाआरती के दौरान चढ़ाया जाएगा। विधायक रिकेश सेन ने कहा कि हिंदू कैलेंडर के मुताबिक आज अयोध्या में तिथि के अनुसार प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ है। प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या एक बार फिर चमक दमक रही है। प्राण प्रतिष्ठा की पहली सालगिरह पर अयोध्या फिर से सज-धज कर तैयार है। पिछले साल 22 जनवरी को कूर्म द्वादशी के दिन रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजे थे, लेकिन इस बार कूर्म द्वादशी आज यानि 11 जनवरी को है इसलिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने हिंदू कैलेंडर के मुताबिक आज रामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव मनाने का फैसला लिया है। इसी तर्ज पर भिलाई के सेक्टर-9 हनुमान मंदिर में भव्य अभिषेक और हवन पूजन के साथ महाआरती होगी।

# नवनियुक्त जिला भाजपाध्यक्ष के आगमन पर चरोदा मंडल ने किया अभिनंदन



**भिलाई, 11 जनवरी।** भारतीय जनता पार्टी चरोदा मंडल द्वारा नवनियुक्त जिलाध्यक्ष भिलाई पुरषोत्तम देवांगन का अभिनंदन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर रायपुर में भाजपा संगठन बैठक से लौट रहे भिलाई जिलाध्यक्ष सहित दुर्ग जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक भी मंडल के इस कार्यक्रम में शामिल हुए। मंडल पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्प गुच्छ देकर दोनों जिला अध्यक्षों का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में भिलाई भाजपा महामंत्री बृजेंद्र सिंह, प्रेम लाल साहू एवं पार्षद सत्य प्रकाश शर्मा भी शामिल हुए।

# आयुक्त ने भारत माता उद्यान की तारीफ की और सौंदर्यीकरण कर आकर्षक बनाने के दिए निर्देश

**भिलाई, 11 जनवरी।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में लगभग 150 उद्यान हैं इनमें से नेहरू नगर क्षेत्र में 50 से अधिक उद्यान निर्मित किये गये हैं। जिनकी देखरेख नगर निगम भिलाई द्वारा किया जा रहा है। नगर निगम भिलाई का प्रयास है कि जिन उद्यानों का निर्माण हो चुका है उसकी देखरेख सिंचाईए साफसफाईए खाद डालने का कार्य आदि की व्यवस्था स्थानीय जागरूक नागरिकों द्वारा किया जायेगाए तो अच्छा स्वरूप रहेगा। निगम की सीमित संसाधनों के कारण बहुत सारे उद्यानो का देखरेख नियमित नहीं हो पा रहा है। निगम प्रशासन जागरूक समितियांए स्थानीय नागरिकों से आह्वान करता है कि अपने निवास क्षेत्र में स्थित उद्यानों का देखरेख का कार्य स्वयं करेंए निगम उनके मध्य अनुबंध करेगा। इसका लाभ सभी लोगों को प्राप्त होगा। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय निगम क्षेत्र के उद्यानों का निरीक्षण करने पहुंचे। जिसमें प्रमुख रूप से भारत माता उद्यान जो नेशनल हाईवे पुलिस यातायात कार्यालय के समीप है। बहुत अच्छा निर्मित हैए उसका सौंदर्यीकरण करके आकर्षक उद्यान बनाया जाएगा। इस संबंध में आयुक्त पाण्डेय ने उद्यान अधिकारी तिलेश्वर कुमार साहू को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इसके साथ ही शिवाजी पार्कए साईं उद्यान, मिलेनियम पार्क , महाराणा प्रताप उद्यान आदि जगहों का निरीक्षण किये।



जिसमें स्थानीय नागरिकों द्वारा कुछ आवश्यक सलाह दियेए आयुक्त ने यथा संभव उसको पूरा करने को कहा। लेकिन साथ में एक शर्ते रहेगीए कि निगम भिलाई द्वारा व्यवस्थित करके एक बार दे दिया जाएगा। उसका देखरेख स्थानीय नागरिकों द्वारा समिति बनाकर स्वयं के व्यय से किया जायेगा। निरीक्षण के दौरान जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्लाए भारत विकास परिषद के शिवनारायण मोदी बीएन पाण्डेय, सत्येन्द्र सिंह, सुषमा झाम, गीता मोदी, एमएस,ठाकुर, एसई आनंद, उमेश सिंह भंडारकर आदि उपस्थित रहे।

# भिलाई इस्पात संयंत्र में विश्व हिंदी दिवस समारोह का आयोजन



**भिलाई, 11 जनवरी।** भिलाई इस्पात संयंत्र के राजभाषा विभाग द्वारा 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक सुश्री निशा सोनी, मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर एवं मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही कोई भी देश उन्नति कर सकता है और शिक्षा जब अपनी ही भाषा में हो तब सीखने, समझने और याद करने में आसानी होती है। विश्व के बहुतेरे विकसित देश अपनी ही भाषा में शिक्षा देते हैं। हमें भी शिक्षा एवं कार्यालयीन कार्यों में अपनी भाषा हिंदी को अंगीकार करना है, आज हम यही संकल्प लें। कार्यक्रम में हिंदी भाषा पर काव्य पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें आमंत्रित संयंत्र कर्मी कविगण कौशल किशोर शर्मा, सुश्री अमृता गंगराडे, मनीष कुमार शुक्ला, ओमवीर करन, राजू कुमार शाह ने हिंदी भाषा की वैश्विक स्तर पर व्यापकता, प्रासंगिकता एवं हृदय को छू लेने की विशिष्ट क्षमता पर केन्द्रित स्वरचित कविताओं से समस्त दर्शकों एवं श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया।

## बीजेपी से दावेदारों की लंबी लिस्ट ,किसे मिलेगी टिकट


**कवर्धा, 11 जनवरी।** जिला पंचायत ग्यारह से भाजपा से दिनेश चंद्रवंशी , सीताराम साहू , रामकुंज साहू , खिलेश्वर साहू देव कुमारी चंद्रवंशी ओर कई भाजपाइयों के नाम की चर्चा का दौर है ।

### समोसा बेचने वाले अजय पाली लड़ेंगे नपाध्यक्ष चुनाव



**कवर्धा, 11 जनवरी।** कवर्धा में पूर्व में सांसद और विधानसभा चुनाव लड़ चुके समोसा बेचने वाले अजय पाली लडेंगे कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष चुनाव ! जिसकी चर्चा कवर्धा शहर में सुबह सुबह 6 बजे लोगों के बीच चर्चा होते दिखी ।

# रश्मि भल्ला के बनाए पेंटिंग्स की एकल प्रदर्शनी उद्घाटित



**भिलाई, 11 जनवरी।** सेल.भिलाई इस्पात संयंत्र के जनसंपर्क विभाग द्वारा संचालित नेहरू आर्ट गैलरी में सुश्री रश्मि भल्ला द्वारा निर्मित पेटिंग्स की तीन दिवसीय एकल प्रदर्शनी का उद्घाटन 09 जनवरी को संध्याकाल मुख्य अतिथिए मुख्य महाप्रबंधक श्रीमती निशा सोनी द्वारा किया गया। इस प्रदर्शनी का अवलोकन करने के पश्चात श्रीमती निशा सोनी ने अवलोकन पुस्तिका में लिखाए सुश्री रश्मि भल्ला द्वारा निर्मित पेंटिंग्स की प्रदर्शनी वास्तव में अत्यंत प्रभावशाली है। प्रदर्शनी में सुश्री रश्मि भल्ला के परिवार जनो के साथ महाप्रबंधक अमूल्य प्रियदर्शी और उनका परिवारए महाप्रबंधक ;जनसम्पर्कद्ध प्रशान्त तिवारीए महाप्रबंधक सौमिक डे उपस्थित थे। साथ ही आर्ट क्लब के सदस्य आर डी बर्मनए ईश्वर पटेलए एस के नंदीए गिलबर्ट जोसेफए कलाकार योगेन्द्र त्रिपाठी एवं उनकी पत्नीए अविनश घोषए विरेन्द्र पटनायकए महेश चतुर्वेदी सहित जनसंपर्क एवं सम्पर्क प्रशासन के अन्य सदस्यगणए कला प्रेमीए कलाकार तथा इस्पात नगरी भिलाई के आम नागरिक उपस्थित थे।

# ठंड को देखते हुए प्रमुख चौक-चौराहों पर की गई अलाव की व्यवस्था

**भिलाई, 11 जनवरी।** बड़ते हुए ठंड को देखते हुए नगर पालिक निगम भिल ाई के सभी प्रमुख चौंक चौराहो पर प्रातः कालीन एवं संध्या कालीन अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है। इससे स्थानीय निवासियो को ठंड से राहत मिल रही है। विशेष करके रिक्शा, आटो, सब्जी बेचने वाले एवं चलते हुए राहगीर हाथ सेक करके ठंड से राहत पा रहे हैं। शासन के आदेश के परिपालन में आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार गदा चौक, सुपेला चौक, पावर हाउस सब्जी मंडी, सुपेला सब्जी मंडी, लक्ष्मी मार्केट, अंडा चौक, अवंती बाई चौक, विजय टॉकीज फल मंडी, जलेबी चौक आदि नगर पालिक निगम भिलाई के सभी जोन में अलाव की व्यवस्था की गई है। झिल्ली पन्नी बीनने वाली फगनी बाई ने कहा कि सुबह-सुबह हाथ सेक लेते है, तो बहुत अच्छा लगता है, नहीं तो हाथ ठंड से ठिठुर जाता है। निगम द्वारा बहुत ही अच्छा व्यवस्था किया जा रहा है, जो हम जैसे लोगों की भी सुध लेता है।

## चरोदा कमिश्नर सफाई व्यवस्था सुधारने कर रहे हैं वार्डों का निरीक्षण



**भिलाई, 11 जनवरी।** भिलाई- 3। नगर निगम भिलाई चरोदा क्षेत्र में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है 7 इसी क्रम में नगर निगम भिलाई 03 चरोदा क्षेत्र में बुधवार को निगम आयुक्त डी.एस. राजपूत द्वारा औचक पहुंचकर एकता नगर भिलाई 03 एवं चरोदा बस्ती क्षेत्र में की जा रही सफाई कार्य का निरीक्षण किया गया। इस दौरान निगम स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा किये जाने वाले कार्य जिसमें झाडू लगाकर बिखरे कचरे को समेटने के साथ साथ आवासीय एवं व्यावसायिक इलाके में निस्तारण हेतु बनाई गई नालियों की सफाई समेत जीवीपी पॉइंट की सफाई कार्य के विषय मे आयुक्त राजपूत को स्वच्छता निरीक्षक द्वारा अवगत कराया गया। यहाँ बता दे की निगम आयुक्त राजपूत द्वारा विभिन्न वार्डों मे सफाई अभियान का निरीक्षण किये जाने के समय स्थानीय लोगों से चर्चा भी की गई। साथ ही सफाई कार्य में सहयोग एवं ऐसे सुझाव भी मांगे जिससे निगम प्रशासन द्वारा सफाई कार्य को और अधिक उत्कृष्ट किया जा सके ।

# रिसाली के ढाई लाख करा चुके हैं स्वास्थ्य परीक्षण



**रिसाली,11 जनवरी।** मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत 2 लाख 34 हजार से ज्यादा लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया है। कई लोगों को घर पहुंच सेवा के तहत नया जीवन मिला है। खास बात यह है कि लगभग 70 हजार ने पैथोलॉजी जांच रिपोर्ट निशुल्क प्राप्त किया है।नगर पालिक निगम रिसाली की बसाहट आधा गांव और आधा शहर है। स्लम बस्ती में रहने वाले कई परिवार ऐसे है जो अस्पताल जाने में असमर्थ है। कभी संसाधन का अभाव तो कभी माली हालत का ठीक नहीं होना। ऐसे में हर वार्ड तक पहुंच रही मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत चलित चिकित्सा ईकाई सहारा बन चुकी है। जिसमें स्वास्थ्य परीक्षण से लेकर पैथोलॉजी जांच और निशुल्क दवा वितरण की सुविधा है। आशीष नगर में झाडू पोछा का काम कर जीवन यापन करने वाली विधवा पुष्पा को नया जीवन मिला है। उसे कई प्रकार की बीमारियों ने घेर लिया था।

# सड़क पर व्यापार करने एवं गंदगी फैलाने वालों पर की गई कार्रवाई

**भिलाई, 11 जनवरी।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के जोन क्रमांक 01 अंतर्गत सड़क में सामान रखकर आवागमन को बाधित करने एवं स्थल पर कचरा फैलाने, छिल्ली पन्नी में सामन बेचने , अपने दुकान के सामने डस्टबिन नहीं रखने वाले व्यापारियो पर कार्यवाही की गई। आज निगम की टीम द्वारा वार्ड क्रं. 06 संजय नगर एवं दक्षिण गंगोत्री क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। जहां पर अलग-अलग दुकान संचालको द्वारा सड़को पर सामान रख व्यापार करने, परिसर के अंदर गंदगी फैलाने, गुमसता/अनुज्ञप्ति लाईसेंस नहीं रखने एवं कचरा पृथक कर नहीं देने वाले दुकान संचालको पर कार्यवाही की गई। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने अधिकारियो को निर्देश दिए हैं कि जो भी व्यापारी सड़क पर सामान रख विक्रय कर रहे हैं या व्यवसाय परिसर, फल ठेला के आस-पास गंदगी फैला रहे हैं या फिर गीला एवं सूखा कचरे को अलग-अलग डस्ट बिन में नही डाल रहे हैं। उनके पास जाकर उनसे चालानी कार्यवाही कर अर्थदण्ड वसूला जाए। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि सुरेन्द्र बहादुर से 1500, हिन्द सीमेंट क्राफ्ट से 1000, शमशाद आदम से 500, स्टार क्रिएशन से 1000, रविन्द्र सिंह लकड़ी टाल से 1100, मोनू काकोडीया लकड़ी टाल से 1100, शंभू लकड़ी टाल से 1100, राज चैहान बास बल्ली से 1100 एवं कुमार चौहान इंटरप्राइजेस से 1100 द्वारा जारी दिशा-निर्देशो का उल्लंघन किया जा रहा है। इस प्रकार कुल 9500 रुपये की चालानी कार्यवाही की गई। व्यापारियों को बार-बार समझाइश देने के बाद भी कचरा पृथक कर नहीं दे रहे हैं एवं सड़कों के बीच सामग्री रख विक्रय कर रहे हैं और शहर की साफ-सफाई में बाधा बन रहे हैं। ऐसे सभी व्यापारियों पर कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। कार्यवाही के दौरान जोन स्वच्छता निरीक्षक कमलेश द्विवेदी, संतोष हरमुख अपने दल के सदस्यों के साथ उपस्थित रहे।



### सुरक्षा सजगता पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

**भिलाई, 11 जनवरी।** भिलाई इस्पात संयंत्र के परियोजना विभाग द्वारा प्रोजेक्ट एक्सपांशन भवन के सभागार में 7 जनवरी को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वर्ष 2023 के जुलाई से दिसम्बर अवधि के दौरान परियोजना कार्यों में कार्यरत ठेका श्रमिकों को सुरक्षा सजगता पुरस्कार प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में कार्यकारी कार्यपालक निदेशक राजीव कुमार श्रीवास्तव उपस्थित थे। उन्होंने अपने संबोधन में सुरक्षा प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के उद्देश्य को उजागर किया तथा परियोजना कार्यों में सुरक्षा सजगता को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रमों पर प्रसन्नता व्यक्त की।

# पीएम आवास योजना के हितग्राहियों को मकान आबंटित



**भिलाई, 11 जनवरी।** शासन की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना मोर मकान-मोन आस घटक अंतर्गत निगम भिलाई क्षेत्र में मकान निर्माण किया गया है। जो पूर्व में आवास हेतु आवेदन प्रस्तुत किये है और जो हितग्राही पात्रता की श्रेणी रखते है, उन्हे ही यह मकान का आबंटन किया गया है। महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने अपने हाथों से हितग्राहियों को लॉटरी के माध्यम से मकान आवंटित किए। हितग्राहियों को स्वयं के हाथों से लॉटरी निकालवाया गया और जिस यूनिट की पर्ची पर हितग्राही का नाम निकला उन्हे मकान आबंटन कर दिया गया। आवास आवंटन के दौरान एमआईसी सदस्य चंद्रशेखर गवयी, अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी, कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा, आवास प्रभारी विद्याधर अभियंता दीपक देवांगन, नम्रता ठाकुर , जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला सहित निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### गुम हुआ मोबाइल पाकर युवती के चेहरे पर आई मुस्कान



**राजनांदगांव 11 जनवरी।** 10 जनवरी को एक युवती भावुक होकर सायबर सेल पहुंच कर आप बीती बतायी की अपने घर न्यू बस स्टैंड राजनांदगांव से एबीस कंपनी इंदामरा इंटरव्यू दिलाने के लिये आटो से बैठकर निकली थी इंदामरा एबीस कंपनी के पास पहुंच कर आटो से उतरने के पश्चात अपने पर्स में रखे मोबाईल व नगदी रकम नही मिला जो उक्त आटो में गिरना बतायी। जिस पर सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक श्री विनय पम्मार के निर्देश पर आर0 हेमन्त साहू व अमित सोनी द्वारा तत्काल त्वरित कार्यवाही करते हुये सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुये 01 घंटे के भीतर आटो चालक का पता लगाकर युवती का गुम हुये 01 नग मोबाईल कीमती 27,500/-रूपये व नगदी रकम 1000/-रूपये को बरामद कर युवती को सुपुर्द किया गया जिस पर युवती द्वारा सायबर सेल टीम को साधुवाद दिया गया।

### पिछड़ावर्ग वर्ग प्राधिकरण से विधायक दलेश्वर साहू ने दिलाई 32.50 लाख की स्वीकृति



**डोंगरगाव 11 जनवरी।** डोंगरगांव विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामो मे जनमांग अनुरूप सामाजिक भवनो के लिए डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू ने पिछड़ावर्ग वर्ग प्राधिकरण से 32ऽ50 लाख रू की स्वीकृति दिलाई है। जिसमे आदिवासी समाज की मांग पर सलटिकरी व सोरीटोला मे , लोधी समाज की मांग पर ठाकुरटोला, साहू समाज के मांग पर मुसरा खुर्द, व पटेल समाज के मांग पर रूदगांव मे सामुदायिक भवन निर्माण की स्वीकृति छत्तीसगढ़ शासन मुख्यमंत्री सचिवालय प्राधिकरण प्रकोष्ठ द्वारा प्रत्येक सामुदायिक भवन के लिए 6ऽ50 लाख रू की स्वीकृति दी गई है। उक्त निर्माण कार्यो की स्वीकृति मिलने पर ग्रामीणो व सामाजिकजनो मे हर्ष व्याप्त है।

### लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हमले बर्दाश्त नहीं: भूपेश तिवारी



**राजनांदगांव 11 जनवरी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के बस्तर (बीजापुर) अंचल में पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या से पूरे पत्रकार भी आहत हैं। आम आदमी पार्टी के लोकसभा अध्यक्ष भूपेश तिवारी ने इसे लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हमला बताते हुए इसकी निंदा की है साथ ही दोषियों के खिलाफ उचित कार्यवाही की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों पर आए दिन हमले हो रहे हैं यह बर्दाश्त नहीं होगा। श्री तिवारी ने आगे कहा कि गत दिनों बीजापुर के पत्रकार मुकेश चंद्राकर की निर्मम हत्या कर दी गई थी। उनकी हत्या करने वाले आरोपियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है। प्रदेश में जल्द से जल्द पत्रकार सुरक्षा कानून भी लागू करने की मांग की गई। ज्ञात हो कि प्रदेश में शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन को जन-जन तक पहुंचाने में पत्रकार अपनी महती भूमिका का सर्वथा निर्वहन कर रहे हैं। उसके बाद भी पत्रकार सुरक्षित नहीं है। गत दिनों जान जोखिम में डालकर अपने कर्तव्य का निर्वहन करने वाले बीजापुर के पत्रकार मुकेश चंद्राकर की कुछ लोगों ने निर्मम हत्या कर दी थी। सड़क निर्माण की पोल खोले जाने के कारण उनकी हत्या की गई थी। श्री चंद्राकर की निर्मम हत्या करने पर प्रदेश तथा देश के पत्रकारों में काफी आक्रोश व्याप्त है। श्री चंद्राकर की हत्या करने वाले आरोपियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने की मांग एवं पीड़ित परिवार को मुआवजा राशि प्रदान करने की मांग की गई हैं।

### कलेक्टर ने जारी की चुनाव के लिए आरक्षण अधिसूचना

**धमतरी 11 जनवरी।** त्रि स्तरीय पंचायत निर्वाचन 2024-25 के तहत कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने जिला पंचायत धमतरी सदस्य के निर्वाचन क्षेत्रों एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष पदों की अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अनारक्षित एवं प्रवर्गवार महिला आरक्षण कार्यवाही कर जनपद पंचायत के अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य निर्वाचन क्षेत्रों के आरक्षण/आबंटन अधिसूचना के प्रकाशन हेतु जारी किया है।

### वायुसेना अग्निपथ योजना के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित

**धमतरी 11 जनवरी।** वायुसेना अग्निपथ योजना के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आज समापन हुआ। स्थानीय विंध्यवासिनी मंदिर के पास स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित इस कार्यशाला में कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने कहा कि धमतरी जिले के विद्यार्थियों के लिए यह सुनहरा अवसर है कि वायुसेना के अधिकारी स्वयं पहुंचकर उन्हें वायुसेना में कैरियर की जानकारी प्रदाय कर रहे और प्रोत्साहित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी को आगे बढ़ते रहना चाहिए और वायुसेना हो, थल सेना हो अथवा किसी भी क्षेत्र मे आगे बढ़ना हो, उसे मानसिक और शारीरिक तौर पर तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि देशभक्ति जज्बा हर बच्चे में होना चाहिए और यह आपके लिए अच्छा अवसर है कि वायुसेना के अधिकारी स्वयं आकर आपको मार्गदर्शन कर रहे हैं। इसके लिए कलेक्टर ने वायुसेना के अधिकारियों का आभार और धन्यवाद ज्ञापन किया। साथ ही बच्चों और उपस्थित जिले के अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे अन्य बच्चों को वायुसेना में कैरियर की जानकारी देंगे और उन्हें प्रोत्साहित करेंगे। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री जगदल्ले ने वायुसेना के अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें आश्वस्त किया कि वे जिले के बच्चों को कैरियर बनाने के लिए निरंतर प्रोत्साहित करते रहेंगे।

# राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन से ऋण लेकर स्वावलंबी बन रहे युवा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 11 जनवरी।** हितग्राही मूलक राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत संचालित योजनाओं के तहत ऋण लेकर अपना व्यवसाय कर महिला पुरुष एवं समूह आत्म निर्भर बन रहे है। आज के समय में लोगों की सबसे बडी समस्या आजीविका की है। कोरोना महामारी के बाद यह समस्या विकराल हो गयी है। बहुत से परिवारों के समक्ष आजीविका चलाना कठिन हो गया है। क्योंकि कोरोनाकाल में कई लोग अपने व्यवसाय व नौकरी को खो चुके है और तंगहाल जीवन व्यतित कर रहे है। ऐसी परिस्थिति में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत संचालित योजनाओं का सहारा लेकर लोग फिर से आत्म निर्भर बन अपने परिवार का कुशलता से भरण पोषण कर रहे है। राजनांदगांव नगर निगम द्वारा शासन की राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत संचालित हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को दिया जा रहा है, जिले के परियोजना अधिकारी एवं निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा द्वारा योजना के संचालन के संबंध में दिशा निर्देश दे रहे है। योजना के प्रभारी श्री जार्ज मोरिस एवं सामुदायिक संगठक विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं के क्रियान्वयन के लिये महिला समूह एवं नागरिकों को प्रशिक्षण व लोन देकर आत्म निर्भर बना रहे है। संचालित योजनाओं में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन योजना के तहत तीन प्रकार के ऋण लोगों को दिया जा रहा है, जिसमें व्यक्तिगत ऋण में 50 हजार से 2 लाख तक ऋण दिया जाता है। जिसमें हितग्राही अपने व्यवसाय को बडा या शुरू कर सकते है। समूह ऋण 1 लाख से 10 लाख तक दिया जाता है। जिसमें महिला समूह ऋण लेकर अपना व्यवसाय कर सकते है। इसी प्रकार बैंक लिंकेज में 50 हजार से 5 लाख रूपये तक ऋण लेने का प्रावधान है। जिसमें ऋण लेकर छोटा बडा व्यवसाय कर सकते है। उक्त योजना के माध्यम से शहरी गरीब अपना व्यवसाय प्रारंभ कर आत्म निर्भर बन रहे है। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन योजनांतर्गत प्रधानमंत्री खाद्य योजना में माईक्रो फायनेंस (पी.एफ.एम.ई.) अंतर्गत गौरीनगर की शिव महिला स्व सहायता समूह ने 1 लाख 20 हजार रूपये ऋण लेकर पुराना बस स्टैण्ड में होटल खोली लाभ अर्जित कर अपने परिवार का अच्छे से पालन पोषण कर रहे है। महिला समूह की महिलाओं ने बताया कि मुझे राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत संचालित इस योजना के बारे में गौरी नगर की सामुदायिक संगठक द्वारा जानकारी दी गयी और ऋण के बारे में विस्तार से समझाया गया। उनके द्वारा आवेदन भराकर हमे 1 लाख 20 हजार रूपये संगवारी क्षेत्र स्तरीय संगठन के माध्यम से दो चरणों में ऋण दिया गया।

## बच्चों एवं युवाओं को नशीले पदार्थों से दूर रखने हर संभव प्रयास होगाः राज्यपाल

**राजनांदगांव 11 जनवरी।** राज्यपाल श्री रमेन डेका की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर राज्यपाल की संयुक्त सचिव श्रीमती हीना अनिमेष नेताम, आईजी श्री दीपक झा, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, वनमंडलाधिकारी श्री आयुष जैन, जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह उपस्थित थे। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने जिले में शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन, जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यों एवं अभियान के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जल है तो हम है। जल संरक्षण के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग को बढ़ाने की आवश्यकता है। जल संरक्षण के लिए जनसामान्य को प्रेरित करें तथा पानी व्यर्थ न बहे इस बात का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि जिले में मिशन जल रक्षा अभियान के तहत जल संरक्षण की दिशा में बहुत अच्छा कार्य किया जा रहा है। उन्होंने जिले में सिंचाई, भू-जल स्तर, जैविक कृषि प्रोत्साहन, नवाचार के संबंध में गहन चर्चा की। उन्होंने कहा कि किसानों को जैविक खेती से बहुत फायदा मिलेगा। इसके लिए विशेष तौर पर कार्य करने की जरूरत है। जैविक कृषि में किसानों के विकास की असीम संभावनाएं है। हमें इस दिशा में कार्य करते हुए किसानों को समृद्ध बनाने के लिए कार्य करना है और उनकी मदद करनी है। कृषि तथा वन दो ऐसे क्षेत्र है, जिनमें ग्रामीण विकास की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारी से कहा कि किसानों से लगातार मिलते रहे और उन्हें जैविक खेती के लिए प्रोत्साहित करें। उन्हें नवीनतम तकनीक तथा नवाचार के संबंध में जानकारी देते रहे और उनकी मदद करें। उन्होंने इजराईल की पाली हाऊस टेक्नोलाजी के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि जिले में पाली हाऊस के माध्यम से उद्यानिकी फसलों को बढ़ावा दें। उन्होंने असम के ऐसे किसानों के बारे में जानकारी साझा की। जिन्होंने खेती-किसानी के माध्यम से बहुत तरक्की की है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य करें। उन्होंने शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने जिले में टीबी के संबंध में चल रहे अभियान निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि टीबी मुक्त जिले की दिशा में आगे बढ़ने की जरूरत है। उन्होंने राजभवन की ओर से गरीब एवं जरूरतमंदों को सहयोग देने की बात कही। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता से टीबी मुक्त जिले की दिशा में आगे बढ़ना है और सभी से सहयोग लेना है।

# सरस्वती शिशु मंदिर में बच्चों ने शारीरिक और बौध्दिक क्षमता का प्रदर्शन किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 11 जनवरी।** सरस्वती शिशु मन्दिर नागतराई में जिला ग्राम भारती के योजना अंतर्गत एक दिवसीय संकुल स्तरीय शिशु नगरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में लाल बहादुर नगर संकुल के सभी विद्यालय के भैया बहनो ने अपने शारीरिक एवं बौद्धिक क्षमता का प्रदर्शन किया । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री रविंद्र अग्रवाल जी सदस्य जनपद पंचायत डोंगरगढ़ रहे एवं अध्यक्षता श्रीमती बूंदा वर्मा जी अध्यक्ष जिला ग्राम भारती जिला राजनांदगांव रही।विशिष्ट अतिथि के रूप में सरपंच श्रीमती क्षत्री वर्मा ,जिला समन्वयक श्री पूनमचंद साहू एवं पूर्व सरपंच श्री भुवन दास वर्मा रहे । शिशु मंदिर के भैया बहनो ने 50 मीटर दौड़ , आलु दौड़ ,मैढ़क दौड़ ,कुर्सी दौड़ गोली चमच, जलेबी दौड़ ,रिंगपास जैसे मनोरंजक खेल के साथ साथ इन्द्रिय विकास प्रतियोगिता में भी भाग लिया ।सभी विद्यालय के बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया । प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी भईया बहनो को पुरस्कार दिया गया । इस कार्यक्रम में बेलगावं से प्रधान आचार्य केवल वर्मा ,रामटोला से देवेंद्र नादेश्वर , मेढा से रानी देवांगन,आलीआरा से पुरन पटेल एवं अन्य आचार्य दिदियाँ उपस्तिथ रहें ।सरस्वती शिशु मंदिर नागतराई के व्यवस्थापक श्री पूरन लाल पटेल,अध्यक्ष माखन लाल पटेल,उपाध्यक्ष श्रीमती सीता टनडन प्रधान आचार्य आशा राम पटेल ,चुरामन दास साहू ,राजेंद्र ,आनिता देशमुख, जाग्रति लौतरे, मंजू साहू,पूजा ठाकरे ,प्रिया दुबे एवं पूर्णिमा वर्मा दिदियो ने अपने सभी कार्य को अच्छे से निर्वहन कर कार्यक्रम को सफल बनाया ।इस कार्यक्रम मे अधिक संख्या में पालक गण भी उपस्तिथ रहे । मुख्य अतिथि रविंद्र अग्रवाल जी ने नागतराई के भैयाबहनो के 15 सेट टेबल बैंच देने का अपना वादा पुरा किया ,सभी आचार्य दिदियाँ एवं बच्चों ने श्री अग्रवाल जी का दिल से धन्यवाद किया ।

## रामायण के चर्चित कलाकार कुणाल 15 को छत्तीसगढ़ में



**रायपुर 11 जनवरी।** चर्चित धार्मिक धारावाहिर रामायण के पात्र लक्ष्मण बॉलीवुड एक्टर कुणाल सिंह राजपूत सोमनी राजनांदगांव के समीप रिएवेरा रिसोर्ट के आधुनिक वाटर पार्क का शुभारंभ करने के लिए 15 जनवरी को छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। इससे पूर्व वे कुम्हारी टोल प्लाजा के पास स्थित लोधेश्वर धाम जायेंगे। लोधेश्वरधाम के संयोजक व रिएवेरा रिसोर्ट के संचालक लोधी उत्तम वर्मा ने बताया कि डब्ल्यू डब्ल्यू वाटर पार्क जो कि सोमनी राजनांदगांव (पुलिस स्टेशन केपास) तैयार हो चुका है,उद्घाटन करेंगे। बेलोदी स्थित रिवेएरा रिसोर्ट सफलता के साथ संचालित हो रहा है, यंगस्टर्स की मांग पर दूसरे फेज में यह वाटर पार्क शुरु किया जा रहा है। आम लोगों के लिए वाटर पार्क में, स्वीमिंग, म्यूजिकल डांस के साथ साथ,जायकेदार खाना भी उपलब्ध कराया जायेगा। समाज के सचिव प्रहलाद दमाहे ने बताया कि समाज के सदस्य कुणाल सिंह राजपूत का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए लोधेश्वरधाम ले जायेंगे। पश्चात लोधेशवरधाम लोधी क्षत्रिय समाज(महिला) ग्रुप द्वारा सोमनी राजनांदगांव में हल्दी कुंमकुंम (वाण) बांटने, म्यूजिकल गीत - संगीत का कार्यक्रम में सभी शामिल होंगे।इस दौरान लोधेशवरधाम लोधी क्षत्रिय समाज रायपुर छत्तीसगढ के अध्यक्ष लोधी सुरेश कुमार सुलाखे, संरक्षक मंडल, महिला मंडल के अलावा सभी पदाधिकारीगण मौजूद रहेगे ।

## समाचार संक्षेप

### कांग्रेस पार्टी की चुनावी बैठक का हुआ आगाज




**डोंगरगांव11 जनवरी।** छ.ग.प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेश पर जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव व विधायक दलेश्वर साहू जी के निर्देशानुसार निकाय चुनाव के संदर्भ में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डोंगरगांव की बैठक आयोजित की गई। बैठक को संपन्न कराने जिला अध्यक्ष भागवत साहू जिला से नियुक्त निकाय क्षेत्र के चुनाव प्रभारी विवेक वासनिक व सह प्रभारी पंकज बांधव मुख्य रूप से उपस्थित हुए आयोजित बैठक में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को चुनाव में प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया,प्रभारी नियुक्ति की जानकारी सहित संगठित होकर चुनाव लड़कर निकाय में पुनःविजयी होने के सूत्र बताते हुए आवश्यक निर्देश जारी किए गए। उक्त बैठक ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चेतन साहू,जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू,गणेश साहू,सुयश नाहटा,ललित लोढ़ा,देशराज जैन,अजीत जैन,बद्रीनारायण शुक्ला,मोहन अय्यर,विरेंद्र बोरकर,अखिलेश नखत,कौशल साहू,संजय मुटकुरे,संध्या साहू,श्रुति शुक्ला,अरुणा देवांगन,रुक्मणि साहू,महेंद्र वैष्णव,रोशन यदु,डॉ.नरेंद्र साहू,सद्दाम खत्री,किशोर बोहरा,सतीश वैष्णव,वैशाली बोरकर,अशोक मालेकर,प्रियंक जैन,संजय संचेती,संदीप रत्नाकर,लक्ष्मी साहू,कमलेश साहू,प्रदीप रत्नाकर,इंदु साहू,मयंक यदु,नियाजुद्दीन सोलंकी,अब्दुल करीम,अमित ठाकुर,रितेश राजपूत,लिलेश पटेल,शशांक खोबरागढ़े,वैभव बोरकर,विशाल सोनी,गोलू यादव सहित अन्य वरिष्ठ जन व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। उपरोक्त जानकारी प्रवक्ता मीडिया प्रभारी रवि शुक्ला द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी गई।

### श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ 2 फरवरी से ब्रह्मचारी आश्रम में

**डोंगरगांव 11 जनवरी।** समीपस्थ ग्राम दर्री के शिवनाथ नदी तट स्थित ब्रम्हचारी धाम के संत त्रिलोचन ब्रम्हचारी जी के पावन संरक्षण एवं क्षेत्र वासियों के सहयोग से आगामी 02 से 12 फरवरी तक पांच कुण्डीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन रखा गया है , आश्रम के संत ब्रह्मचारी जी ने बताया कि विगत पंद्रह वर्षों से ऐसे दैवीय एवं यज्ञीय आयोजन धर्म प्रेमियों एवं श्रद्धालुओं के सहयोग से शिव शक्ति प्रज्ञा पीठ आश्रम राजा खुज्जी ,एवं ब्रम्हचारी आश्रम दर्री में



होते आ रहे हैं ,इस वर्ष भी पांच कुण्डीय ,श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन 02 से 12 फरवरी तक आयोजित है। उन्होंने बताया कि 02 फरवरी बसंत पंचमी को कलश यात्रा,प्रायश्चित कर्म,पंचांग पूजन , दस विधि स्नान,मंडप प्रवेश ,दिनांक 03 फरवरी सोम वार को अरणी मंथन के साथ यज्ञ की आहुति प्रारंभ होगी ,प्रति दिन सुबह 07 बजे से वेद मंत्रों का पाठ ,08 बजे से यज्ञ नारायण पूजा,09 से 12 बजे तक यज्ञ आहूति,12 बजे से 02 बजे तक महा प्रसाद भंडारा, संध्या 07 बजे शिव अभिषेक रुद्री पाठ आदि धार्मिक अनुष्ठान होंगे । इस दस दिवसीय दैवीय आयोजन के तहत 04 एवं 05 फरवरी को मानस संगोष्ठी भी आयोजित है जिसमें अंचल के ख्याति लब्ध मानस व्याख्या कार अपनी मानस प्रस्तुति देंगे । इसी कड़ी में दिनांक 06 से 12 फरवरी तक दोपहर 01 बजे से त्रिखेड़ी आश्रम महाराष्ट्र के संत श्री राम ज्ञानी दास महात्यागी जी के द्वारा संगीत मय दिव्य राम कथा कहेंगे ।

### गांव और शहर की सरकार बनाने आम आदमी पार्टी करेगी जोर आजमाइश



**राजनांदगांव 11 जनवरी।** दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल द्वारा स्थापित आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ के त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव और नगरी निकाय चुनाव में धमाकेदार जोरआजमाइश करने वाली है त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में पंच सरपंच जनपद पंचायत सदस्य जिला पंचायत सदस्य तथा नगरी निकाय चुनाव में पार्षद नगर पंचायत अध्यक्ष नगर पालिका अध्यक्ष और महापौर जैसे पदों के लिए प्रत्याशी उतारने बैठकों का दौर पूरे जिले भर में चल पड़ा है माना जा रहा है कि राजनांदगांव जिले में भाजपा और कांग्रेस की रीति नीति से परेशान बड़ी संख्या में लोग आम आदमी पार्टी की तरफ डाइवर्ट हो सकते हैं। अगर ऐसा हुआ तो कई स्थापित चेहरे और कई नए चेहरे आम आदमी पार्टी को कम परिश्रम से ही मिल सकते हैं वैसे भी आम आदमी पार्टी में कई पुराने कर्मठ कार्यकर्ता है जो रणनीति बनाने में लगे हुए हैं इससे ऐसा लग रहा है कि आम आदमी पार्टी चुनाव इलेक्शन फाइट करने से पहले ही कांग्रेस बीजेपी को बड़ा नुकसान पहुंचा सकती है राष्ट्रीय पार्टी घोषित हो जाने के बाद और दिल्ली में इस पार्टी की लंबे समय से सत्ता सीन होकर जनहित कार्य रीति नीति को देखते हुए लोग आकर्षित भी हो रहे हैं।

# आयुक्त ने कैलाश नगर में जनता से रूबरू होकर जाना सफाई का हाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 11 जनवरी।** निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा शहर में प्रतिदिन साफ सफाई का जायजा लेकर स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार लाने, स्वास्थ्य अमला को निर्देशित कर रहे है, वही निर्माण कार्य देख कार्य में तेजी लाकर समय सीमा में निर्माण पूर्ण करने तकनीकि अधिकारियों को निर्देश दे रहे है। इसी कडी में उनके द्वारा आज कैलाश नगर क्षेत्र में सफाई एवं निर्माण कार्य का जायजा लिया गया। आयुक्त श्री विश्वकर्मा आज सुबह कैलाश नगर में साफ सफाई देख क्षेत्र के नागरिकों से रूबरू हो सफाई में फिडबेक लिये। उन्होंने कहा कि अपने घर के आस पास साफ सफाई रखे, झिल्ली पन्नी का उपयोग न करे, कचरा डोर टू डोर कचरा गाडी में डाले। उन्होंने कैलाश नगर की सडको व गलियों को देख स्वास्थ्य अमला से कहा कि प्रतिदिन निर्धारित समय मे उपस्थित होकर सफाई करना सुनिश्चित करे, नियमित रूप से कचरा उठावे तथा झिल्ली पन्नी का उपयोग करने वाले, कचरा नाली व घर के पास डालने पर तथा मलमा सडक में फैलाने पर जुर्माना लगावे। उन्होंने हाजरी रजिस्टर की जॉच कर कर्मचारियों की उपस्थिति देख भौतिक सत्यापन करने स्वच्छता निरीक्षक श्री दीपक श्रीवास्तव को निर्देशित किये। उन्होंने कहा कि कोई भी कर्मचारी बिना कारण व जानकारी दिये बिना अनुपस्थित नही रहेगे। आयुक्त श्री विश्वकर्मा द्वारा निर्माण कार्य निरीक्षण के तहत कैलाश नगर उद्यान में चल रहे कार्य का जायजा लेकर कार्य में तेजी लाने तकनीकि अधिकारी से कहा। उन्होंने कहा कि उद्यान का कार्य जल्द पूर्ण किया जाये ताकि क्षेत्र के नागरिकों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने प्रतिदिन निर्माण कार्य की मानिटरिंग कर समय सीमा में गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये।



# विष्णु की पाती-आवासीय स्वाभिमान की ओर एक नई पहल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 11 जनवरी।** देश के प्रत्येक परिवार के सर पर पक्की छत हो इस सोच को सकार करने के लिये प्रधानमंत्री आवास योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा हैं। जिसके तहत कच्चे मकान में निवासरत परिवार जो आर्थिक परेशानी के कारण पक्का मकान नहीं बना सकते उन्हें आवास योजना के घटक मोर जमीन मोर मकान के तहत पक्का मकान निर्माण करने राशि दी जा रही है। इसी प्रकार बेघर परिवार तथा लंबे समय से किराये के मकान में निवासरत परिवार के लिये आवास योजना के घटक मोर मकान मोर आस तथा मोर मकान मोर चिन्हारी के तहत सर्व सुविधायुक्त मकान किफायती दर पर विधिवत आबंटित किया जा रहा है। राजनांदगांव निगम सीमाक्षेत्र में मोर जमीन मोर मकान के तहत 8265 स्वीकृत आवासों में 7580 आवास पूर्ण हो चुके है, शेष आवास विभिन्न स्तर में प्रगतिरत है। इसी प्रकार एएचपी के आवास 1930 के स्वीकृति के विरूद्ध अब तक लगभग 600 आवास विधिवत लाटरी के माध्यम से आबंटित किये जा चुके है। प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नवीन पहल करते हुए विष्णु की पाती नाम से शुभकामना संदेश पत्र दिया है। उन्होंने अपने संदेश में आवास योजना के लाभार्थियों को स्वंय के पक्का आवास का सपना सकार होने पर बधाई देते हुये कहा है कि यह सफलता स्वाभिमान और आत्म निर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होने संदेश में कहा है कि एक परिवार अपने घर को केन्द्र में रखकर जीवन के सुनहरे सपने को बुनता है और नई पीढी के भविष्य की बुनियाद तैयार करता है। आपके परिवार तक इस जन कल्याणकारी योजना का लाभ पहुँचा है, मेरे लिये इससे बड़ी संतुष्टि कुछ और नहीं हो सकती। घर परिवार खुशहाल रहे इसके लिये छत्तीसगढ सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किये जा रहे है।

### राज्यपाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित हितग्राहियों से की मुलाकात

# राज्यपाल ने पीएम आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत निर्मित भवन का किया अवलोकन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 11 जनवरी।** राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज जिले के प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे आवास निर्माण कार्यों का भ्रमण किया। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सुंदरा में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत निर्मित भवन का अवलोकन किया। उन्होंने श्री भानू साहू, श्री ननचू राम साहू, और श्री बल्दुराम साहू को स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से बने पक्के आवास का अवलोकन किया। उन्होंने ग्राम सुंदरा में पूर्ण आवासों के भ्रमण के दौरान हितग्राहियों से बातचीत की। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना से पक्का आवास निर्माण से जीवन में स्तर में बदलाव के बारे में जानकारी ली और उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाई दी।



राज्यपाल श्री रमेन डेका ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के माध्यम से लाखों परिवारों को उनके सपनों का घर मिल रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित हो रहे सभी आवास निर्माण कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत गांवों में जो आवास निर्माण किए जा रहे हैं, उनकी गुणवत्ता और समय पर निर्माण सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब एवं जरूरत मंद परिवार को आवास सुविधा प्रदान करना है, ताकि वे बेहतर जीवन यापन कर सकें। इस अवसर पर राज्यपाल से बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से लाभान्वित हितग्राहियों ने बताया कि उनके मकान कच्चे और खपरैल के थे, जिन्हें बंदरों द्वारा नुकसान पहुंचाया जाता था इससे उन्हें बारिश के दिनों दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। लेकिन जब से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से पक्का आवास निर्मित हुआ है तब से उन्हें इस समस्या से निजात मिली है और पूरा परिवार खुशी से जीवन बिता रहा है। इस अवसर पर राज्यपाल की संयुक्त सचिव श्रीमती हीना अनिमेष नेताम, आईजी श्री दीपक झा, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, वनमंडलाधिकारी श्री आयुष जैन, जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, आयुक्त नगर पालिक निगम श्री अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम श्री खेमलाल वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

संपादकीय

## दिल्ली में कांग्रेस का समर्थन नहीं कर रहे

दिल्ली विधानसभा चुनाव फरवरी में होना है। सभी राजनीतिक दल जनता से समर्थन जुटाने के लिए नए नए तरीके आजमा रहे हैं। केजरीवाल जनता के साथ ही अपने गठबंधन के दलों का समर्थन भी जुटाने में सफल रहे हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव में अब तक सपा,टीएमी व शिवसेना उध्दव गुट ने केजरीवाल का समर्थन किया है। कहने को तो यह सब यानी कांग्रेस,आप,सपा, टीएमसी व शिवसेना उध्दव इंडी गठबंधन के साथी है। इंडी गठबंधन में आप और कांग्रेस दोनों है, लेकिन वह भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़ने की जगह आपस में लड़ने के लिए एक दूसरे के सामने खड़े हो गए हैं। होना तो यह चाहिए कि गठबंधन के नेता दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले गठबंधन की बैठक बुलाते और दिल्ली चुनाव एकजुट होकर लड़ने की रणनीति बनाते, देश में लोकसभा चुनाव के बाद कई राज्यों के विधानसभा चुनाव हो गए हैं लेकिन किसी राज्य के चुनाव के पहले इंडी गठबंधन की बैठक नहीं बुलाई गई, एकजुट होकर चुनाव लड़ने की चर्चा तक नही की गई। चाहे छत्तीसगढ़, राजस्थान व मप्र,तेलंगाना,ओडिशा विधानसभा चुनाव हो या जम्मू कश्मीर, हरियाणा, महाराष्ट, झारखंड् व दिल्ली विधानसभा चुनाव हो इंडी गठबंधन की एक बैठक तक नहीं बुलाई गई है। इससे गठबंधन में शामिल दल जिस राज्य में वह मजबूत है, वहां अकेले चुनाव लड़ रहे हैं और चुनाव जीत भी रहे है और हार भी रहे हैं।इंडी गठबंधन ने तेलंगाना,जम्मू कश्मीर, झारखंड जीते हैं वह भी क्षेत्रीय दल के मजबूत होने के कारण, इंडी गठबंधन के कारण नहीं। वही एकजुट होकर चुनाव नहीं लड़ने के कारण  ज्यादा राज्यों में चुनाव हारे है, जैसे छत्तीसगढ़,मप्र,राजस्थान, मप्र, हरियाणा, महाराष्ट्र। यानी लोकसभा चुनाव के बाद 10 राज्यों में चुनाव हो चुके हैं।इसमें भाजपा गठबंधन के दलों पर भारी पड़ी है, उसने सात राज्यो में चुनाव जीते हैं और गठबंधन ने तीन राज्यों में। उसमें कांग्रेस एक राज्य तेलंगाना में चुनाव जीत सकी है। कहने को कांग्रेस राष्ट्रीय पार्टी है लेकिन देश के तीन राज्यों में ही उसकी सरकार है। उसकी सरकारे राज्यों में बढ़ने की जगह घट रही है। यह राहुल गांधी के नेतृत्व की विफलता है। कांग्रेस भले ही इसे स्वीकार नहीं कर रही है लेकिन इंडी गठबंधन इस स्वीकार रहा है और उसके कई राजनीतिक दल चाहते हैं कि राहुल गांधी को हटाकर इंडी गठबंधन का नेतृत्व ममता बैनर्जी को सौंप दिया जाए। राहुल गांधी के कारण ही इंडी गठबंधन के दल दिल्ली में कांग्रेस का समर्थन करने की जगह या आप और कांग्रेस दोनों का समर्थन करने की जगह सिर्फ आप का समर्थन कर रहे हैं। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि इंडी गठबंधन के कई दलों ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस व आप दोनों का समर्थन करने की जगह आप का समर्थन करने का फैसला क्यों किया है। एक तो राहुल गांधी को बताना चाहते हैं कि वह उनके नेतृत्व को स्वीकार नहीं करते हैं। वह चाहते हैं कि राहुल गांधी खुद की इंडी गठबंधन का नेतृत्व करना छोड़ दें। राहुल गांधी ने अब तक ऐसा नहीं किया है। उन्होंने तो कांग्रेस की हार भी स्वीकार नहीं की है। वह तो कहते हैं कि वह हारे नहीं है, उनको हराया गया है। लेकिन इंडी गठबंधन के कई दल ऐसा नहीं मानते हैं, उनका कहना है कि चुनाव में हार हुई है तो राहुल गांधी व कांग्रेस को स्वीकार करना चाहिए जैसे दूसरे दल स्वीकार करते हैं। दिल्ली में कांग्रेस की जगह आप का समर्थन करने की वजह यह है कि इंडी गठबंधन के कई दल मानते हैं कि दिल्ली मे आप ने ही भाजपा को तीन बार हराया है, वह दिल्ली में आज भी मजबूत है, इसलिए वही भाजपा को हरा सकती है, इसलिए वह आप का समर्थन कर रहे हैं। हालांकि इंडी गठबंधन के समर्थन से आप को कोई फायदा जमीन पर नहीं होने वाला है लेकिन इससे देश में यह संदेश तो जाएगा कि दिल्ली का विधानसभा चुनाव इंडी गठबंधन के कई दलों ने मिलकर लड़ा और आप यह चुनाव जीती जाती  है तो यह इंडी गठबंधन की जीत मानी जाएगी। कांग्रेस का समर्थन इंडी गठबंधन के दलों ने इसलिए नहीं किया कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का प्रदर्शन खराब रहा है। इसका वोट प्रतिशत भाजपा से कम रहा है। दिल्ली में तीन चुनाव भाजपा व कांग्रस हारे हैं लेकिन कांग्रेस का जनाधार बहुत ही कम हो गया है। उसके वोटर आप के पाले में चले गए हैं। जबकि भाजपा का वोट प्रतिशत 30 के ऊपर रहा है तथा वह तीन लोकसभा चुनाव यहां जीती भी है। आप व कांग्रेस के मिलकर दिल्ली चुनाव नहीं लड़ने के लिए कांग्रेस को ही दोषी माना जाता है क्योंकि गठबंधन का नेतृत्व करने के कारण यह उसकी जिम्मेदारी थी कि गठबंधन के दलों को एकजुट रखती और सारे चुनाव गठबधन आम सहमति से लड़ता । राहुल गांधी गठबंधन के दलों की बैठक नहीं बुलाई, उनके साथ बात नहीं की। जिन राज्यों में कांग्रेस मजबूत थी वहां गठबंधन के दलों ने चुनाव लड़ने के लिए सीटें मांगी तो सीटे तो नहीं दी उनका अपमान किया।हरियाणा में आप व सपा ने चुनाव लड़ने के लिए कांग्रेस से सीटें मांगी थी तो दोनो को कांग्रेस एक सीट देने को तैयार नहीं हुई। यहीं से कांग्रेस आप और कांग्रेस सपा में मतभेद बढ़े, दिल्ली विधानसभा चुनाव केजरीवाल ने अकेले लड़ने का फैसला किया तो सपा ने यूपी में सात सीटों पर उपचुनाव में कांग्रेस को दो सीटें देकर एहसास दिलाया कि यहां तो उनकी ही चलेगी। कांग्रेस को उतनी ही सीटो पर संतोष करना पड़ेगा जितनी सीटें सपा कांग्रेस को देती है। सपा ने यूपी में कांग्रेस की दो सीटें दी तो कांग्रेस ने दोनो सीटों पर चुनाव न लड़कर सपा से कहा वही पूरी आठ सीटों पर चुनाव लड़े। सपा दो ही सीटें जीत सकीं तो कांग्रेस को कहने का मौका मिला कि अगर कांग्रस सपा मिलकर चुनाव लड़े होते तो रिजल्ट दूसरा होता। यूपी में अभी फिर मिल्कीपुर सीट पर उपचुनाव होने जा रहा है।यहां से कांग्रेस ने चुनाव न लड़कर सपा का समर्थन किया है और बिगड़ रहे संबंधों के सुधारने की कोशिश की है। कांग्रेस ने संभल मामले में जिस तरह का व्यवहार किया था उससे सपा समझ गई है कि कांग्रेस भविष्य में उसके लिए मुसीबत बन सकती है। इसलिए वह ममता के साथ  मिलकर गठबंधन

राष्ट्रीय युवा दिवस विशेष 12 जनवरी

डॉ. प्रितम भि. गेडाम

# बालकों से पहले अभिभावक समझें संस्कारों की अहमियत



आज के आधुनिक दुनिया की वास्तविकता है कि दुर्भाग्य से अभिभावकों का व्यवहार ही बच्चों को नकारात्मकता की ओर धकेल रहा हैं। बच्चों में चिड़चिड़ापन, जिद, अनुचित व्यवहार के साथ शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं तो लगातार बढ़ ही रही हैं, जन्म के समय बच्चों का अपर्याप्त विकास, कुपोषण, विकलांगता जैसी समस्याएं भी बढ़ रही हैं। आधुनिकता के नाम पर हम अपनी अच्छी बातें, संस्कार, विचार भूल गए हैं और बुरी बातों में लगकर जीवन को कठिन बना लिया है। अनेक माता-पिता या घर के बड़ों को यह भी नहीं पता कि उन्हें बच्चों के सामने कैसा व्यवहार करना चाहिए, इसी कारण परिवार, समाज, देश और दुनिया में समस्याओं का पहाड़ खड़ा हो रहा है। बच्चे रोते हैं, इसलिए उन्हें मोबाइल फोन की आदत लगा दी जाती है, बच्चे जिद करते हैं इसलिए उन्हें जंक फूड खिलाया जाता है। बच्चों के मानसिक-शारीरिक स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह वस्तुएं, खाद्यपदार्थ भी बड़े प्यार से मुहैया करायी जाती हैं और अभिभावक ही कहते हैं, कि आज की पीढ़ी बहुत बिगड़ गई है, मां-बाप की बात बिल्कुल नहीं सुनते। हम संस्कारहीन, संवेदनहीन, नैतिकताहीन, स्वार्थी समाज के अभिन्न अंग है। इस साल शिक्षक दिवस के उपलक्ष पर एक स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम के तौर पर छोटी बच्चियों के नृत्य का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ। वह वीडियो देखकर हैरानी हुई, 6-7 साल की शालेय लड़कियां फिल्मी गाने पर डांस कर रही थीं, फिल्मी अभिनेत्री की तरह आधुनिक वेशभूषा धारण कर ये नन्ही बच्चियां शिक्षा के उस मंदिर में नाच रही थीं और गा रही थी कि ₹आज की रात मजा हुस्न का, आँखों से लीजियेे₹। शिक्षकों के सम्मानार्थ शिक्षक दिवस मनाया जाता है, वहां ये छोटी-छोटी लड़कियां नृत्य कला का कौन-सा प्रदर्शन कर रही है, उस स्कूल के शिक्षकों और उन बच्चियों के अभिभावकों के बारे में क्या कहें? जिन्होंने इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया। आज की आधुनिक पीढ़ी हमारे देश के महान समाज सुधारक, वैज्ञानिक, महान क्रांतिकारी देशभक्तों के बारे में जानती हो या नहीं, लेकिन उन्हें रील, फैशन, फिल्म इंडस्ट्री के बारे में जानकारी होती है। यहां तक कि बच्चों के रोल मॉडल भी देश के लिए जान न्योछावर करने वाले वीर सैनिक, संघर्षरत समाज सुधारक नहीं, बल्कि फिल्मी नायक-नायिकाएं हैं। क्योंकि बच्चों को पसंद आने वाली ऐसी मनोरंजक जानकारी उन्हें आसानी से उपलब्ध हो जाती हैं। आजकल संयुक्त परिवार अलग होकर छोटे परिवारों में विभक्त होते जा रहे हैं। अधिकांश परिवारों में, माता-पिता के पास अपने बच्चों की देखभाल के लिए समय नहीं होता है। बच्चे अपना समय कहाँ बिताते हैं, उनकी दिनचर्या क्या होती है, बच्चे कितना पैसा कहाँ खर्च करते है, अधिकांश अभिभावकों को यह भी पता नहीं होता। बच्चे जैसा कहते हैं माता-पिता वैसा ही विश्वास करते हैं। बहुत बार बच्चों पर अतिविश्वास और अति लाड-प्यार भविष्य में परिवार, समाज, देश के लिए बहुत महंगा पड़ता है। आजकल बच्चों में आपराधिक प्रवृत्ति काफी बढ़ गई है, वे छोटी-छोटी बातों पर उग्र हो जाते है, नशा करते है, हथियार रखते है, गिरोह बनाकर घूमते हैं। छोटी-छोटी बात पर लड़ने तैयार हो जाते है। गालीगलौच, छींटाकशी और अभद्र भाषा का प्रयोग तो ऐसे करते है, कि चाहे कितनी भी महंगी शिक्षा क्यों न दी जाए, उन्हें उचित मोड़ नहीं मिलता है। अक्सर खबरें पढ़ने-सुनने को मिलती हैं कि नाबालिग गंभीर अपराधों में शामिल हैं। हत्या, बलात्कार, चोरी, डकैती, मादक पदार्थों की तस्करी, जानलेवा हमले करने वाले कई गिरोहों में नाबालिग भी होते हैं। जिद पूरी न होने पर कुछ लड़कियां और लड़के अपने माता-पिता की जान लेने से भी नहीं डरते, अपनी मनमानी पूरी न होने पर वे



हिंसक हो जाते है, ये बच्चे अपराधी बनकर पैदा नहीं होते, माता-पिता की गैर जिम्मेदारी और लापरवाही के कारण अपराधी बनकर पूरे समाज के लिए घातक बन जाते हैं। अधिकतर नवदम्पत्ति महिलाओं को घर पर भोजन बनाना पसंद नहीं है, इसलिए हमेशा स्वादिष्ट भोजन के लिए होटल जाना पड़ता है। शरीर को आवश्यक पोषक तत्व नहीं मिल पाते, जिससे सेहत हमेशा खराब रहती है, बच्चों को भी बाहर खाने की आदत लग जाती है। बच्चों को अपना अच्छा-बुरा पता नहीं होता, लेकिन अभिभावक भी बच्चों पर अंकुश नहीं लगाते, उलटे उन्हें बिगाड़ देते हैं। अक्सर माता-पिता घर में बड़े-बुजुर्गों के साथ अमानवीय व्यवहार करते हैं, लेकिन वही माता-पिता अपने बच्चों से आदर्श चरित्र की उम्मीद करते हैं। हमारे सभ्य समाज में शायद ही देखने-सुनने मिलता है कि शादी से पहले बेटे अपने परिवार से विभक्त हो गए है या उन्होंने अपने बड़े बुजुर्गों, अभिभावकों को वृद्धाश्रम में छोड़ दिया है, लेकिन शादी के बाद घर परिवार से विभक्त होना अब तो आम बात हो गयी है। जब यह असहाय बुजुर्ग व्यक्ति जीवन के अंतिम पड़ाव में कमजोर शरीर के साथ जिंदगी की जद्दोजहद से जूझ रहे होते है, उसी वक्त उन्हें अपनों के सहारे की सबसे ज्यादा जरुरत होती है और उसी वक्त अपने उनका साथ छोड़ देते है। आज के आधुनिक परिवेश में जहां सुख-सुविधाएं तो बहुत हैं, लेकिन इस आधुनिकता में मनुष्य ने अपनी खुशी, शांति, समाधान, स्वाभाविकता, भोलापन खो दिया है। मनुष्य इतने निचले स्तर पर चला गया है कि कई बार लोगों के स्वार्थ को देखकर ऐसा लगता है कि इनसे बेहतर तो पशु-पक्षी हैं, जो अपने लाभ के लिये दूसरों की जिंदगिया तबाह नहीं करते। फैशन और आधुनिक जीवनशैली के चक्कर में हम अपनी संस्कृति को भूलते जा रहे हैं। अपराध, भ्रष्टाचार, पद और सत्ता का दुरुपयोग, प्रदूषण, मिलावट, हर जगह राजनीतिक हस्तक्षेप, अश्लीलता, झूठ, दिखावे, भेदभाव, धोखाधड़ी, नशाखोरी, लालच, असभ्य व्यवहार, ईर्ष्या के इस प्रदूषित वातावरण में मन की शांति प्राप्त करना एक भ्रम है। कई माता-पिता अपने बच्चों की आवश्यक जरूरतों और उनकी जिद के बीच के अंतर को नहीं समझते। बचपन से ही महंगे शौक, जिद, गर्लफ्रेंड-बॉयफ्रेंड रिलेशनशिप का चलन, तनाव, आधुनिकता, झूठा दिखावा, फिल्में और बच्चों के दिमाग पर सोशल मीडिया के बुरे प्रभाव ने उनमे गलत काम के प्रति आकर्षण बढ़ाकर उनके जीवन में जहर घोल दिया है। अभिभावकों का लगातार व्यस्त रहना, बच्चों की दिनचर्या पर ध्यान न देना, बच्चों पर नियंत्रण न रखना, बच्चों की गलतियों को हमेशा नजरअंदाज करना, केवल महंगे उपकरण या भौतिक सुविधाएं प्रदान करना, बच्चों को अत्यधिक लाड़-प्यार करना और उनकी हर इच्छा पूरी करना ही माता-पिता अपनी जिम्मेदारी समझते हैं। क्या बच्चों के सामने अभिभावक आदर्शवादी मार्गदर्शक की भूमिका बखूबी निभा रहे है? कि जिससे बच्चे सिख लें। बच्चों को सही समय पर संस्कार उचित पालन-पोषण, पोषक वातावरण देना बहुत जरूरी है। एक बार समय बीत जाने पर पछतावे के अलावा कुछ नहीं बचता, फिर उस गलती का खामियाजा व्यक्ति को जीवन भर भुगतना पड़ता है। माता-पिता को आधुनिक बनना चाहिए लेकिन केवल सोच के साथ और वही सोच अगली पीढ़ी तक पहुंचानी चाहिए। यदि अभिभावक जागरूक होकर बच्चों को संस्कारवान बना दें, तो समाज की नब्बे फीसदी समस्याएं दूर हो जाएंगी। माता-पिता चाहे कितने भी व्यस्त क्यों न हों, चाहे वे गरीब हों या अमीर, यह माता-पिता की जिम्मेदारी है, कि वे अपने बच्चों के लिए समय निकालें। आज के बच्चे कल देश का उज्ज्वल भविष्य हैं, बच्चों को जितने अच्छे संस्कार मिलेंगे, देश उतना ही बेहतर और मजबूत होगा। माता-पिता की गलती की सजा बच्चों को न भुगतनी पड़े। बच्चे माता-पिता के व्यवहार का अनुकरण करते है, इसलिए माता-पिता का व्यवहार बच्चों के सामने हमेशा अनुकरणीय होना चाहिए, बच्चों को उत्कृष्ट व्यवहार और पोषक वातावरण दें। बच्चों को अच्छे और बुरे के बीच अंतर करना सिखाएं। कमजोरों की मदद करें और महिलाओं का सम्मान करना सिखाएं। माता-पिता अपने बच्चों को पैसा कैसे कमाया जाता है, यह सिखाने से पहले ईमानदारी के साथ सुख से जिंदगी कैसे जी जाती है, यह सिखायें। देश में कल की पीढ़ी का भविष्य आज माता-पिता के हाथ में है, उस पीढ़ी को संस्कारित और सशक्त बनायें। केवल संस्कारित माता-पिता ही संस्कारशील बच्चों का सृजन कर सकते हैं और उन्हें उज्ज्वल भविष्य बनाने के लिए मजबूत बना सकते हैं।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको अपने धन संबंधित मामलों में खुशी मिलेगी। बिजनेस में भी आपको अच्छा मुनाफा मिलने की संभावना है। कार्यक्षेत्र में आपको कामों को करने में आसानी होगी, क्योंकि आपके जूनियर आपकी पूरी मदद करेंगे, लेकिन आपके कुछ शत्रु परेशान करने की कोशिश करेंगे। आप किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं, जिससे आपकी साख चारों ओर फैलेगी।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप कामों को लेकर ज्यादा टेंशन नहीं लेंगे। संतान के करियर को लेकर आप कोई बड़ा इन्वेस्टमेंट कर सकते हैं। परिवार का यदि कोई मुद्दा कानून में चल रहा था, तो उसको लेकर आपको ध्यान देने की आवश्यकता है, नहीं तो वह और लंबा खिंच सकता है। जीवनसाथी के लिए आप किसी नए काम की शुरूआत कर सकते हैं। आप अपने घरेलू कामों को निपटाने के पूरी कोशिश करेंगे।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए खर्चो भरा रहने वाला है। आपके कुछ शत्रु आपको परेशान करने की कोशिश करेंगे। आपको किसी काम को लेकर यदि कोई चिंता थी, तो वह भी दूर होगी। आप यदि अपने किसी काम को लेकर दूसरे पर डिपेंड थे, तो उसे पूरा होने में समस्या आएगी। दान धर्म की भावना आपके मन में बनी रहेगी। आपकी यदि कोई प्रिय वस्तु खो हो गई थी, तो उसके भी आपको मिलने की संभावना है। आपको अपनी भावनाओं पर काबू रखना होगा।

कर्क- आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। प्रेम जीवन जी रहे लोगों में नई ताजगी आएगी। आप अपने बिजनेस के कामों को लेकर किसी यात्रा पर जा सकते हैं। आपकी सेहत में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। जीवनसाथी को आपकी कोई बात बुरी लग सकती है, जिससे दोनों के बीच वाद-विवाद की स्थिति खड़ी हो सकती है। आप दिल से लोगों का भला सोचेंगे, लेकिन लोगों इसे आपका स्वार्थ समझ सकते हैं। कोई पुराना मित्र आपसे लंबे समय बाद मिलने आ सकता है।

सिंह- आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। विद्यार्थियों को अपने गुरुजनों का पूरा सहयोग मिलेगा। वाहन की खराबी के कारण आपका धन खर्च बढ़ सकता है। आपको अपने भविष्य को लेकर योजना बनाकर चलने की आवश्यकता है। लेनदेन से संबंधित मामलों में आप बिल्कुल ढील न दें। आपको किसी लिए गए फैसले के लिए पछतावा होगा। पारिवारिक मामलों में भाई व बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा, जो लोग रोजगार की तलाश में इधर-उधर भटक रहे हैं, उन्हें कोई शुभ सूचना सुनने को मिल सकती है।

कन्या- आज का दिन आपके लिए व्यस्तता भरा रहने वाला है। आपको एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ेगी। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने साथी को लेकर डेट पर जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। माता-पिता की सेवा में आप दिन का काफी समय लगाएंगे। संतान को तरक्की करते देख आपको खुशी होगी। आप राजनीति में भी कदम बढ़ाने के बारे में सोच विचार कर सकते हैं। आपको यदि कोई शारीरिक समस्या चल रही है, तो उसके लिए आपको किसी अच्छे डॉक्टर से परामर्श लेना होगा।

तुला- आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में बेहतर रहने वाला है। आपके कुछ नए प्रयास सफल होंगे। विदेशो से व्यापार कर रहे लोगों को कोई शुभ सूचना सुनने को मिल सकती है। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधा दूर होगी। आप किसी धार्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। यदि आपको धन संबंधित कोई समस्या चल रही थी, तो वह भी काफी हद तक दूर होगी। आप किसी नए वाहन की खरीदारी करेंगे, जिसे आपको सावधानी से चलना होगा। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। यदि आप किसी घर मकान आदि की खरीदारी के लिए कोई लोन अप्लाई कर रहे थे, तो उसके मिलने में आपको आसानी होगी। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। जीवनसाथी की सलाह आपके बिजनेस के लिए कारगर सिद्ध होगी। अविवाहित जातकों के जीवन में किसी नए मेहमान की दस्तक हो सकती है। आपको किसी काम को लेकर जल्दबाजी नहीं दिखानी है।

धनु- आज का दिन आपके लिए मौज मस्ती भरा रहने वाला है। परिवार में किसी सदस्य के विवाह की बात पक्की हो सकती है। आप अपने दोस्तों के साथ कहीं घूमने फिरने जा सकते हैं। बिजनेस को लेकर आप कोई जल्दबाजी में न ले। आप किसी डील को लेकर थोड़ी समझदारी दिखाएं, तभी उसे फाइनल करें। आप अपने जरूरत की वस्तुओं की खरीददारी पर अच्छा खासा धन व्यय करेंगे। पार्टनरशिप में कोई काम करना आपके लिए अच्छा रहेगा।

मकर- आज का दिन आपके लिए तनावग्रस्त रहने वाला है। धार्मिक कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी। व्यापार करने वाले जातकों को अच्छा मुनाफा मिलता दिख रहा है। आपको किसी काम को लेकर ज्यादा टेंशन लेने की आवश्यकता नहीं है। आपकी सेहत में यदि कुछ समस्या चल रही थी, तो वह भी काफी हद तक दूर होगी। आपको जीवनसाथी की ओर से कोई सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है। आपके कुछ नए विरोधी उत्पन्न हो सकते हैं, जिनसे आपको बचना होगा।

कुंभ- आज का दिन सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। शासन व सता का आपको पूरा लाभ मिलेगा। पारिवारिक संपत्ति को लेकर यदि कोई वाद विवाद चल रहा था, तो वह भी दूर होता दिख रहा है। आप किसी काम में बिना सोचे समझे हाथ ना बढ़ाएं। आपकी संतान आपसे किसी चीज की फरमाइश कर सकती है, जिसे आपको पूरी अवश्य करना होगा। आप किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं। अविवाहित जातकों के जीवन में किसी नए मेहमान की दस्तक हो सकती है।

मीन- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। पारिवारिक सदस्यों में एकता बनी रहेगी। रक्त संबंधी रिश्तो में मजबूती आएगी। परिवार के सभी सदस्य प्रसन्न रहेंगे। भाई व बहनों से यदि संबंधों में कुछ कटुता चल रही थी, तो वह भी बातचीत के जरिए दूर होगी। ससुराल पक्ष का कोई व्यक्ति आपसे मिलने आ सकता है। व्यापार में बढ़ोतरी होने से खुशी होगी। आप अपने कामों को लेकर काफी व्यस्त रहेंगे। आपको अपने पिताजी से कामों को लेकर अच्छा मार्गदर्शन मिलेगा।

## साधु का जादू और राजा का राज

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा ह्यउरतृप्त



बात पुरानी है, एक ऐसा राज्य था जहाँ राजा की मूँछें ऐसे तनी हुई थीं जैसे शेर की दाढ़ी हो। आँखें? वो तो बस बंद थीं, जैसे नींद में हों। प्रजा की तो धुन थी, भाई, प्याज की महंगाई का बवाल है। लेकिन राजा साहब? प्याज महंगा? कहाँ है? हमें तो दिखा ही नहीं! ये सुनकर दरबारी लोग फटाफट हाँ में हाँ मिलाने लगे। जहाँ राजा को कुछ नहीं दिखता, वहाँ हमें कैसे दिखेगा, हुजूर? राजा साहब मन ही मन मुस्कुरा रहे थे, चलो, अगर कहीं दिख जाए, तो हमारे लिए एक नमूना ले आना। हम भी तो देखें कि प्याज महंगा दिखता कैसा है !राजा ने विशेषज्ञ जाति के पाँच तगड़े लोगों को बुलाया। इनको तो आँखें भी ऐसी मिलती थीं जो हर छोटी-छोटी चीज को देख सकती थीं। राजा ने कहा, जाओ और पूरे राज्य में ढूंढो, प्याज का नमूना लाओ !विशेषज्ञों ने धड़ाधड़ काम शुरू किया। दो महीने बाद दरबार में हाजिर हुए। राजा ने पूछा, प्याज मिला ?विशेषज्ञों ने सिर हिलाते हुए कहा, जी हुजूर, बहुत सारा। पर ये बड़ा नहीं, बहुत सूक्ष्म है। ये तो हर जगह फैला हुआ है, जैसे कोई भूत! राजा बोले, तो क्या प्याज अब भूत हो गया है? विशेषज्ञ बोले, जी महाराज, बिलकुल सही कहा। ये बाजार से लेकर दरबार तक, हर जगह है! राजा तो घबरा गए। अब बताओ, ये प्याज की महंगाई मिटेगी कैसे? विशेषज्ञों ने एक धमाकेदार योजना बनाई। बोले, सारे ठेके बंद कर दो। सब्जी वाले बाहर हो जाएंगे, तो प्याज अपने आप सस्ता हो जाएगा। पूरी व्यवस्था को बदलना होगा! दरबारी लोग तुरंत विरोध करने लगे। बोले, महाराज, ये तो राज्य की जड़ें हिला देगा। हमें तो कुछ ऐसे उपाय चाहिए जिससे बिना कुछ बदले सब ठीक हो जाए! तभी दरबार में एक साधु को लाया गया। साधु ने झोली से चमचमाता तावीज निकाला। यह प्याज का तावीज है। इसे बाँधने से आदमी खुद-ब-खुद सस्ते प्याज खरीद सकेगा। राजा ने पूछा, कैसे? साधु बोला, भाई, मनुष्य की आत्मा से महंगाई और सच्चाई के स्वर निकलते हैं। यह तावीज महंगाई के स्वर को दबाकर सस्ते प्याज के स्वर निकालता है। इसे पहनने वाला कुत्ता भी महंगी सब्जी नहीं चुराएगा! दरबार में तालियाँ बजने लगीं। राजा ने तुरंत आदेश दिया कि यह तावीज पूरे राज्य में बाँटा जाए। कई महीनों बाद फिर से हलचल मच गई। तावीज पहनने वाले लोग दरबार में आए। बोले, महाराज, ये तावीज तो हमें सस्ते प्याज तो दिला रहा है, पर अब पेट कैसे भरें? राजा सोच में पड़ गए। आखिरकार, तावीज का प्रयोग बंद करने का फैसला किया। बोले, प्याज की महंगाई से तो हमारी व्यवस्था चलती है। इसे हटाना मतलब राज्य का संतुलन बिगाड़ना है। साधु मुस्कुराते हुए बोला, महाराज, यही तो सच है। प्याज अब ईश्वर जैसा है–अगोचर, सूक्ष्म, और सर्वव्यापी। आखिर में, राजा ने तावीज को दरबार की शोभा बना दिया। वो अब तक सिंहासन के ऊपर टँगा है, जैसे राज्य की आत्मा को सजगता से देख रहा हो। और प्याज? वो अब भी सर्वव्यापी है–राजा के सिंहासन से लेकर प्रजा की थाली तक।

## पोको ने दिखाया अपना फैक्टर

इनोवेशन की अपनी विरासत को जारी रखते हुए, भारत के सबसे तेजी से बढ़ते कंज्यूमर टेक ब्रैंड्स में से एक, पोको ने जयपुर में एक जबर्दस्त इवेंट में अपनी प्रमुख एक्श 7 सीरीज- पोको एक्श 7 5जी और पोको एक्श 7 प्रो 5जी का अनावरण किया। बेहतरीन डिस्प्ले, परफॉरमेंस में जबर्दस्?त और बेजोड़ ड्यूरेबिलिटी के लिए अत्याधुनिक एडवांसमेंट से लैस, एक्श 7 सीरीज स्मार्टफोन की उत्कृष्टता को फिर से परिभाषित करती है और प्रीमियम सेगमेंट में पोको की लीडरशिप को मजबूत करती है। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने अपनी मौजूदगी से इस लॉन्च को और भी बेहतरीन बनाया। अक्षय कुमार को पोको इंडिया के चेहरे के रूप में पेश किया गया, जो ब्रैंड के बोल्ड और निडर पहचान के प्रतीक हैं। यह ₹एक्सीड योर लिमिट्स (अपनी सीमाओं को पार करें)₹ के पोको ब्रांड के सिद्धांत के साथ पूरी तरह से मेल खाता है। इस मौके पर पोको इंडिया के कंट्री हेड हिमांशु टंडन ने कहा, पोको में, हम जो भी निर्णय लेते हैं, उसमें इनोवेशन की अहम भूमिका होती है। एक्श 7 सीरीज के साथ, हम प्रीमियम स्मार्टफोन कैटेगरी में नए मानक स्थापित कर रहे हैं। हम पोको इंडिया के चेहरे के रूप में अक्षय कुमार को पाकर उत?साहित हैं, जिनकी एनर्जी से भरपूर उपस्थिति उत्कृष्टता को लेकर हमारी प्रतिबद्धता के मुताबिक है। एक्श 7 सीरीज के साथ, हमें मीडियाटेक डाइमेंशन 8400 अल्ट्रा और शाओमी हाइपरओएस 2.0 को ग्लोबल स्तर पर लॉन्च करने पर गर्व है। साथ ही हमने फ्लैगशिप-ग्रेड कॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास प्रोटेक्शन के साथ आईपी66+ और आईपी68 रेटिंग वाले मजबूती के नए मानक भी स्थापित किए हैं।

## विरासत

# भारत के उत्थान की प्रेरणा है अयोध्या का श्री राम मंदिर

हितानंद शर्मा

अद्भुत, अकल्पनीय और अविस्मरणीय वह अभिजीत मुहूर्त, जब प्राण-प्रतिष्ठा कर रामलला के नेत्रों से पट्टिका हटाई गई तो पूरे विश्व के सनातन संस्कृति के उपासकों के नेत्रों में श्रद्धा, आस्था, आनंद और प्रतीक्षा के आँसू थे। पौष शुक्ल द्वादशी, 22 जनवरी 2024 केवल अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के उत्सव का दिवस नहीं, बल्कि संपूर्ण हिंदू समाज की दृष्टि और विचारों के परिवर्तन की उपलब्धि का दिन है। पीढ़ियों की तपस्या, त्याग, बलिदान और प्रतीक्षा के बाद अयोध्या ने इस शुभ घड़ी का स्वागत किया था।

भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा से आनंदित, उत्साहित यह वही अयोध्या है जिसके परिचय में अथर्व वेद में उल्लेख आता है कि - अष्ट चक्रा नव द्वारा देवाना पूः अयोध्या

तस्या हिरण्यमयः कोश स्वर्गो ज्योतिषावृतः।।

अयोध्या, जिसका अर्थ ही है जो अजेय है, अपराजित है। सहस्त्रों वर्षो तक अयोध्या अपने स्वर्णिम इतिहास के लिए जानी जाती रही। वही अयोध्या जहाँ हिन्दू समाज के आराध्य श्रीराम जी का जन्म सकल लोक के मंगल हेतु हुआ। इसीलिए गोस्वामी तुलसीदास जी अयोध्या का वर्णन कुछ इस प्रकार करते हैं-

विप्र धेनु सुर संत हित लीन्ह मनुज अवतार।
निज इच्छा निर्मित प्रभु माया गुन गो पार।।

हिन्दू समाज की आस्था के केंद्र, समरसता, नैतिकता व कर्तव्यपालन का बोध कराने वाले श्रीराममंदिर का कालांतर में विध्वंस कर मुगल आक्रांताओं द्वारा गुलामी के प्रतीक के रूप में बाबरी मस्जिद बना दी गई। इसके बाद 1528 से ही आरंभ हुए श्रीराममंदिर आंदोलन का 9 नवम्बर 2019 को सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक निर्णय पर विराम हुआ। 5 अगस्त 2020 को भूमिपूजन के साथ करोड़ों लोगों की भावनाओं ने विविध प्रकार से उत्सव की अभिव्यक्ति की। यह एक ऐसा आंदोलन रहा जिसमें साधु-संतों ने युद्ध भी किया और वे आध्यात्मिक जागरण के केंद्र भी बने। बैरागी अभिराम दास (योद्धा साधु), राममंदिर आंदोलन के शलाका पुरुष महंत रामचन्द्र परमहंस, महंत अवैद्यनाथ व देवरहा बाबा ने संपूर्ण आंदोलन को एक दिशा प्रदान की। कोठारी बन्धुओं के बलिदान को हिन्दू समाज भला कैसे विस्मृत कर सकता है विष्णु डालमिया, अशोक सिंहल वे तेजपुंज हैं, जिन्होंने सनातन ऊर्जा को संग्रहित कर इस पवित्र कार्य से जोड़ा। मंदिर आंदोलन के मूल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भूमिका से सभी भलीभांति परिचित ही हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकताओं ने पूरे आंदोलन में जनजागरण करते हुए आस्था के उच्चतम प्रतिमानों को विश्वव्यापी स्वरूप दिया। विश्व हिंदू परिषद, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सहित विचार परिवार के सभी संगठनों ने अपनी पूर्ण सामर्थ्य के साथ तत्कालीन सरसंघचालक बालासाहब देवरस की मंशा के अनुरूप धैर्यपूर्वक योजनाबद्ध आंदोलन किए। भारतीय जनता पार्टी द्वारा लाल कृष्ण आडवाणी के नेतृत्व में देशव्यापी रथयात्रा ने पूरे भारत में वातावरण का निर्माण किया तो असंख्य कारसेवकों के बलिदान ने राम राष्ट्र के इस यज्ञ में समिधा का कार्य किया।

मंदिर आंदोलन के इतिहास में अनेक बलिदानियों के रक्त व उनके परिजनों के त्याग का बिंदु समाहित है। राममंदिर के प्रति समाज की आस्था इतनी प्रबल रही है कि जब श्रमदान आवश्यक था तब श्रमदान किया। वहीं राष्ट्रमंदिर को भव्यता और दिव्यता देने के लिए निधि समर्पण अभियान में जाति, वर्ग, दल, समूह के सभी बंधनों को ध्वस्त करते हुए जिससे जो बन पड़ा उसने भगवान श्रीराम के चरणों में समर्पण किया।

भारतीय पंचांग के अनुसार पौष शुक्ल द्वादशी के दिन जो पिछले वर्ष 22 जनवरी 2024 को पड़ी थी, भगवान के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा हुई थी। संपूर्ण भारत की आस्था के केंद्र श्रीराम मन्दिर के माध्यम से आध्यात्मिक चेतना को बल मिला और देशवासियों में स्वाभिमान का जागरण हुआ। वहीं जो लोग मन्दिर निर्माण का विरोध कर रहे थे उनके सारे अवरोधों का प्रति उत्तर भी इस एक वर्ष में मिला। प्राण-प्रतिष्ठा से प्रथम वर्षगांठ तक असंख्य दर्शनार्थियों ने न केवल रामलला के दर्शन किए बल्कि अयोध्या सहित आस-पास के क्षेत्र के आर्थिक तंत्र को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।नागर शैली में निर्मित अलौकिक सुंदरता से परिपूर्ण श्रीराम मंदिर की लंबाई पूर्व से पश्चिम 380 फीट, चौड़ाई 250 फीट व ऊंचाई 161 फीट है। भव्य तीन मंजिला मंदिर में 392 स्तंभ और 44 द्वार हैं। भूतल में प्रभु श्रीराम का मोहक बाल रूप तो प्रथम तल में श्रीराम दरबार का गर्भगृह है। नृत्य मंडप, रंग मंडप, सभा मंडप, प्रार्थना व कीर्तन मंडप है। उत्तरी भुजा में मां अन्नपूर्णा व दक्षिणी भुजा में हनुमान जी विराजित हैं। मंदिर के समीप ही पौराणिक काल का सीताकूप रहेगा। 732 मीटर लंबे व 14 मीटर चौड़े चहुंमुखी आयताकार परकोटे के चार कोनों पर भगवान सूर्य, मां भगवती, गणपति व भगवान शिव का मंदिर बनेगा। मंदिर परिसर में ही महर्षि वाल्मिकी, महर्षि वशिष्ठ, विश्वामित्र, अगस्त्य, निषादराज, माता शबरी व देवी अहिल्या के मंदिर प्रस्तावित हैं।

यह मात्र एक मंदिर नहीं बल्कि भारत की संस्कृति और अस्मिता का प्रतीक है। एक स्वाभिमानी राष्ट्र अपने ऐसे ही प्रतीकों से ऊर्जा प्राप्त करता है। राम मंदिर भारत की चेतना का पर्याय है और इसका भी कि राम जन-जन की स्मृति में कितने गहरे रचे-बसे हैं। यह आधुनिक विश्व के इतिहास में पहली बार है, जब किसी समाज ने अपने प्रेरणा पुरुष के जन्मस्थान एवं उनके उपासना स्थल को अतिक्रमण और अवैध कब्जे से न्यायपूर्वक छुड़ाने में सफलता प्राप्त की। इसी कारण राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह ने देश-विदेश में कोने-कोने में बसे भारतीयों को भाव विभोर कर दिया था।

प्राण-प्रतिष्ठा भारत ही नहीं, विश्व इतिहास में सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और राष्ट्रीय महत्व का सबसे बड़ा आयोजन था। इस आयोजन को लेकर उमड़ा भावनाओं का ज्वार ऐसे अनेक प्रश्नों का उत्तर दे रहा था कि राम मंदिर का निर्माण क्यों आवश्यक था और हिंदू समाज उसके लिए इतनी व्यग्रता से क्यों प्रतीक्षा कर रहा था अच्छा होता कि यह प्रतीक्षा स्वतंत्रता के बाद ही पूरी हो जाती, किंतु संकीर्ण राजनीतिक कारणों और सेक्युलरिज्म की विजातीय-विकृत अवधारणा के चलते ऐसा नहीं हो सका। यह विडंबना ही रही कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण की हिंदू समाज की सदियों पुरानी स्वाभाविक अभिलाषा की अनदेखी की गई।

जिस अयोध्या को अवनी की अमरावती और धरती का बैकुंठ कहा गया, वह सदियों तक अभिशप्त थी, उपेक्षित रही, सुनियोजित तिरस्कार झेलती रही। अपनी ही भूमि पर सनातन आस्था पद दलित होती रही, किंतु राम का जीवन हमें संयम की शिक्षा देता है और भारतीय समाज ने संयम बनाए रखा। समय के साथ समाज का संकल्प भी दृढ़ होता गया और आज समस्त सृष्टि अयोध्या के वैभव को निहार रही है। यह धर्म नगरी विश्व की सांस्कृतिक राजधानी के रूप में प्रतिष्ठित हो रही है ।संकल्प और साधना की सिद्धि के लिए, हमारी प्रतीक्षा की इस समाप्ति के लिए और संकल्प की पूर्णता के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों का भी अभिनंदन है। एक दूरदृष्टि लेकर भारत के न भूतो न भविष्यति के स्वर्णिम अवसर को साकार करने में उनकी महती भूमिका रही। श्री राम जन्मभूमि मंदिर की स्थापना भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण का आध्यात्मिक अनुष्ठान है। यह राष्ट्र मंदिर है। अब भारत को भव्य बनाने के संकल्प को पूर्ण करने की बारी है और भगवान श्रीराम का मंदिर इसकी प्रबल प्रेरणा है। ऐसा होना निश्चित ही है क्योंकि इस प्राण प्रतिष्ठा से समस्त दिशाओं से शुभ संकेत मिलना आरंभ हो ही चुका है। गोस्वामी तुलसीदास जी की इन पंक्तियों के साथ-

मोरे जिय भरोस दृढ़ सोई, मिलहि राम सगुन सुभ होई.ह्लह्ल* शुभमस्तु ।

एक नजर

## सुधीर कुमार साहू लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय सचिव बने



**दंतेवाड़ा 11 जनवरी।** केंद्रीय कैबिनेट मंत्री श्री चिराग पासवान की पार्टी, लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के राष्ट्रीय सचिव (किसान प्रकोष्ठ) की जिम्मेवारी छत्तीसगढ़ से सुधीर कुमार साहू दंतेवाड़ा को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष (किसान प्रकोष्ठ) श्री धर्मेंद्र मिश्रा (एडवोकेट) नई दिल्ली द्वारा जिम्मेवारी उपलब्ध कराई गई है !


## कमिश्नर ने किया जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण

**उत्तर बस्तर कांकेर, 11 जनवरी।** बस्तर संभाग के संभागायुक्त श्री डोमन सिंह ने आज कांकेर प्रवास के दौरान कोमलदेव शासकीय जिला चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण किया तथा उपलब्ध सेवाओं एवं सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान कमिश्नर ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण करते हुए सफाई एवं सुधार कार्य जल्द से जल्द कराने के निर्देश दिए। कमिश्नर श्री सिंह ने सबसे पहले नवनिर्मित एमआरआई कक्ष का निरीक्षण एवं अवलोकन किया। इसके पश्चात उन्होंने कंसोल रूम, एक्स-रे कक्ष, सीटी स्केन कक्ष, अंतः रोगी विभाग के तहत स्त्री एवं पुरूष वार्ड, डायलिसिस, आर्थोपेडिक वार्ड, सर्जरी सहित विभिन्न कक्षों का निरीक्षण किया और मेडिकल कॉलेज की डीन को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान कमिश्नर ने वार्डों में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों से चर्चा कर अस्पताल में उपलब्ध सेवाओं एवं सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने भर्ती हुए एक मरीज के साथ एक परिजन को ही रखने के लिए निर्देशित किया। इसके अलावा सभी निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द पूरा कराने और ड्यूटी समय में चिकित्सकों की अनिवार्यतः उपस्थित रहने के निर्देश दिए। इसके अलावा अस्पताल परिसर में स्वच्छता बरतने, मशीनों का समुचित रख-रखाव सुनिश्चित करने तथा चल रहे निर्माण कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही रेडक्रॉस सोसायटी की आगामी बैठक में दिए गए निर्देशों का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश डीन को दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री एस. अहिरवार एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## जब्त अवैध नशीले प्रदार्थों को 27 जनवरी से किया जाएगा नष्ट

**सुकमा 11 जनवरी।** माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली में दायर क्रिमिनल अपील क्रमांक 652/12 भारत संघ विरूद्ध मोहनलाल में पारित दिशा-निर्देश के पालन में गठित जिला सुकमा ड्रग्स डिस्पोजल समिति द्वारा जिला सुकमा क्षेत्रांतर्गत अवैध रूप से परिवहन कर रहे जप्त स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ (गांजा, टेबलेट, कैप्सूल) को ग्राम पंचायत नगरनार में स्थित राष्ट्रीय खनिज विकास निगम प्राईवेट लिमिटेड (एन.एम.डी.सी.) के भस्मीकरण सयंत्र के माध्यम से विधिवत नष्टीकरण किये जाने का निर्णय लिया गया। जिसकी नष्टीकरण हेतु 27 जनवरी 2025 से 04 फरवरी 2025 तक तिथि निर्धारित की गई है। जिसके तहत 27 जनवरी को 968.505 किलोग्राम, 28 जनवरी को 858.677 किलोग्राम, 29 जनवरी को 1000.821 किलोग्राम, 30 जनवरी 977.150 किलोग्राम, 31 जनवरी 1000.310 किलोग्राम, 01 फरवरी को 798.949 किलोग्राम, 02 फरवरी को 999.889 किलोग्राम, 03 फरवरी को 365.900 किलोग्राम, 04 फरवरी 2025 को 994.510 किलोग्राम, 1605 पीसेस टेबलेट, 5334 पीसेस कैप्सूल, कुल 7964.711, 1605 पीसेस टेबलेट, 5334 पीसेस कैप्सूल नष्टीकरण किया जाएगा।

## वित्तीय साक्षरता एवं साइबर फ्रॉड अवेयरनेस शिविर का आयोजन



**सुकमा 11 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में विगत दिवस को नगर पालिका परिषद सुकमा में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना एवं राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के लाभार्थियों एवं स्व सहायता समूह के दीदियों को वित्तीय साक्षरता एवं आनलाइन धोखाधड़ी से बचने हेतु भारतीय स्टेट बैंक और लीड बैंक सुकमा के सहयोग से वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया, इस शिविर में लाभार्थियों को वित्तीय योजना बनाने और बजट बनाने, खर्चों को नियंत्रित करने के तरीके, निवेश के विभिन्न विकल्प जैसे, आर.डी., म्यूचूअल फंड, शेयर व अन्य निवेश की जानकारी दी गई। इसके अलावा साइबर फ्रॉड के विभन्न प्रकार जैसे फिशिंग, स्मिशिंग, रैंसमवेयर आदि के बारे में जानकारी के साथ इस तरह के धोखाधड़ी से बचने के तरीके भी बताए गए।

## शहर में स्वच्छता और सौंदर्यीकरण इन दिनों जोरों से चल रहा

**सुकमा, 11 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** स्वच्छ भारत मिशन शहरी (2.0) के तहत नगर पालिका सुकमा क्षेत्र में स्वच्छता और सौंदर्यीकरण का व्यापक कार्य प्रगति पर है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 और गार्बेज फ्री सिटी की तैयारियों के तहत नगर पालिका द्वारा शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। नगर में गौरव पथ डिवाइडर, ज़ेब्रा क्रॉसिंग, और स्ट्रीट लाइट पोल पर आकर्षक पेंटिंग की जा रही है। साथ ही, सड़क किनारों और नालियों की सफाई का कार्य प्रत्येक वार्ड में जोर-शोर से चल रहा है। यह अभियान मुख्य नगर पालिका अधिकारी की निगरानी में साप्ताहिक रूप से संचालित किया जा रहा है। नगरीय प्रशासन मंत्री और उप-मुख्यमंत्री श्री अरुण साहू जी के निर्देश पर स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। शहर में जीवीपी (गर्वेज वल्नरेबल पॉइंट) चिन्हित कर इन्हें हटाने का कार्य भी प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। सीएमओ सुकमा ने कहा कि नगर पालिका में स्वच्छता सुनिश्चित करने के साथ ही शहर को सौंदर्यीकरण के माध्यम से एक नई पहचान देना है।

# हेलमेट पहनने वालों को संभागायुक्त ने किया सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उत्तर बस्तर कांकेर, 11 जनवरी।** आज दोपहर 2.40 बजे शासकीय विश्राम गृह के सामने मेन रोड से गुजर रहे ऐसे राहगीर, जिन्होंने हेलमेट लगा रखा था, को सिलसिलेवार सम्मानपूर्वक रोका गया। असमंजस में पड़े राहगीरों को पहले तो कुछ समझ में नहीं आया, फिर उन्हें गुलाब का फूल, शॉल और श्रीफल भेंट किया गया। उनकी जिज्ञासा शांत करते हुए जानकारी दी गई कि उन्हें यह सम्मान बस्तर संभाग के सम्भागायुक्त द्वारा इसलिए किया गया, क्योंकि वे अपने जीवन के प्रति जागरूक और सजग नागरिक हैं। मानव जीवन की कीमत उन्हें पता है और अपने साथ-साथ अपने परिवार के प्रति चिंतित हैं।

बस्तर सम्भाग के सम्भागायुक्त श्री डोमन सिंह ने आज दोपहर को शासकीय विश्राम गृह के सामने मुख्यमार्ग पर यातायात पुलिस की मदद से हेलमेट पहनने वाले दुपहिया वाहन चालकों को आग्रहपूर्वक रूकवाया और उन्हें गुलाब का फूल, शॉल और श्रीफल भेंट किया। साथ ही उन्हें समझाइश दी कि वे अपने साथ-साथ अपने परिवार, पड़ोस, गांव, समाज और सभी लोगों को भी हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित व प्रोत्साहित करें। बाइक से ग्राम माकड़ी जा रहे राहगीर श्री धनीराम नेताम को कमिश्नर श्री सिंह ने रूकवाने का आग्रह किया और मौके पर ही शॉल, श्रीफल और गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया। उन्होंने श्री नेताम से पूछा कि दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग क्यों करते हैं। इस पर श्री नेताम ने बताया कि वह जब से बाइक चला रहे हैं तब से हेलमेट का उपयोग कर रहे हैं क्योंकि सड़क दुर्घटना में इसकी वजह से जान बच सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि वे बिना हेलमेट के कभी बाइक नहीं चलाते। कमिश्नर ने उनकी सराहना करते हुए औरों को भी प्रेरित करने की सलाह दी। इसके उपरांत नरहरपुर से ड्यूटी कर स्कूटी से वापस आ रहीं डॉ. मंजू सिन्हा को अनुरोध करके रूकवाया गया। पूछे जाने पर उन्होंने भी कहा कि वह पेशे से चिकित्सक हैं और उनके अस्पताल में सड़क हादसे में घायल होकर लोग अक्सर उपचार के लिए आते हैं। हेड इन्जरी वाले ज्यादातर मामलों में मरीज का बचना नामुमकिन होता है। डॉ. सिन्हा ने बताया, चूंकि वह जीवन की कीमत को समझती हैं, इसलिए वह और उनके परिजन दुपहिया वाहन चलाते वक्त हमेशा हेलमेट का उपयोग अनिवार्यतः करते हैं।

इसी तरह ग्राम सुरही से ड्यूटी कर वापस स्कूटी से लौट रहीं शिक्षिका श्रीमती सुमन नेताम, ग्राम पीढ़ापाल जा रहे श्री बलराम मटियारा, नारायणपुर से कांकेर आ रहे किशोर गोरे, माकड़ी जा रहे भूतपूर्व सैनिक श्री सुरेश जैन, जिला अस्पताल से ड्यूटी कर वापस लौट रहे डॉ. हेमंत जैन, तारसगांव लौट रहीं स्टाफ नर्स श्रीमती विजयलक्ष्मी सोरी, ग्राम लेंडारा के श्री रत्तेसिंह भास्कर, ग्राम कन्हारपुरी जा रहे मुसाफिर श्री भोगेन्द्र भास्कर, कांकेर से चारामा जा रहे दुपहिया चालक श्री कीर्तिकुमार नेताम व श्री दिनेश कुमार नाग को वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करने के लिए कमिश्नर श्री सिंह, अपर कलेक्टर श्री एस. अहिरवार तथा यातायात पुलिस अधिकारियों के द्वारा शॉल, श्रीफल और फूल भेंट कर सम्मानित किया गया, साथ ही अपने परिचितों को भी हेलमेट का उपयोग जरूर करने की समझाइश दी। विदित हो कि 36वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत नागरिकों को यातायात पुलिस द्वारा जागरूक किया जा रहा है तथा सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने व इसकी अनदेखी नहीं करने की अपील की जा रही है।

# बखरूटोला में रामायण मानस गायन सम्मेलन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**छुरिया 11 जनवरी।** निप्रस्थ ग्राम बखरूटोला में आगामी 11 एवं 12 जनवरी को रामायण मानस गायन सम्मेलन का आयोजन किया गया है। रामायण मानस सम्मेलन समिति के अध्यक्ष भीषण लाल साहू एवं सचिव बल्लू राम मंडावी ने बताया कि आगामी 12 जनवरी को सम्मेलन का समापन समारोह होगा, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिले के सांसद माननीय संतोष पांडे जी सम्मिलित होंगे। प्रमुख अतिथि के रूप में पूर्व सांसद माननीय मधुसूदन यादव जी उपस्थित होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष माननीय श्रीमती गीता घासी साहू करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में किरण रविंद्र वैष्णव अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया, एमडी ठाकुर प्रदेश उपाध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा, चंद्रिका डडसेना जिला उपाध्यक्ष भाजपा, सुरेन्दर सिंग (रोमी) भाटिया सांसद प्रतिनिधि, जगजीत सिंह (लक्की) भाटिया भाजपा नेता रविंद्र वैष्णव जिला महामंत्री भाजपा, ललिता बाई कंवर सदस्य जिला पंचायत राजनंदगांव, आत्माराम चंद्रवंशी भाजपा नेता, भुवनेश्वर प्रसाद साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ, हीरेंद्र कुमार साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य, अजय पटेल भाजपा नेता छुरिया, संजय सिन्हा अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति छुरिया, खिलेश्वर साहू मंडल अध्यक्ष गैंदाटोला, कांता साहू मंडल अध्यक्ष भाजपा छुरिया, शिवा मिश्रा अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति बम्हनी चारभाठा, ललिता बाई उईके सदस्य जनपद पंचायत छुरिया, खेमचंद साहू अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति कल्लूबंजारी पद्मभूषण साहू मंडल अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा, मायाराम साहू पूर्व अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति बम्हनी चारभाठा, हितेश गुप्ता भाजपा नेता, धन्ना लाल यादव अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति खोभा, जाकेश साहू समाजसेवी एवं शिक्षक, संजीव गुप्ता पत्रकार नवभारत, राधेश्याम शर्मा पत्रकार पत्रिका एवं हरिभूमि, रोहित सिंहा पत्रकार छुरिया, कैलाश गुप्ता पत्रकार दैनिक भास्कर, अकिल मेमन पत्रकार देशबंधु, मनभावन सिंह उईके पत्रकार छुरिया, मुकेश साहू पत्रकार राजनांदगांव पत्रिका, बेला बाई साहू भाजपा महिला मोर्चा, रूपेंद्र साहू ग्राम पटेल आदि सम्मिलित होंगे। इससे पूर्व दिनांक 11 जनवरी को कार्यक्रम का उद्घाटन होगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के विधायक माननीय भोलाराम साहू होंगे। प्रमुख अतिथि के रूप में जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष माननीय नवाज खान जी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला साहू संघ के अध्यक्ष माननीय भागवत साहू जी करेंगे।

विशेष अतिथि के रूप में पूर्व विधायक छन्नी/चंदू साहू, महिला कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राजकुमारी सिंहा, पिछड़ा वर्ग प्रदेश महामंत्री तरुण सिंहा, जिला महामंत्री चुम्मनलाल साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रितेश जैन, विपिन यादव पूर्व ब्लाक अध्यक्ष कांग्रेस, कार्यकारी ब्लाक अध्यक्ष राजकुमार उर्फ राजू सिंहा, सुभाष यादव कांग्रेस नेता एवं समाजसेवी, संयुक्त जिला महामंत्री पुरन नेताम, जिला महासचिव राम साहू, समाजसेवी कुलदीप साहू दीपक सिंह राजपूत स्थानीय सरपंच, गिरवर साहू अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज, कृपा राम पडोटी अध्यक्ष ग्रामीण आदिवासी समाज, खिलावन दास साहू ग्राम प्रमुख, देवसागर गुप्ता पूर्व सरपंच, पंचगण राधेलाल मंडावी, रोहिदास कल्लो, महेंद्र नेटी, घनश्याम दास साहू एवं पन्ना लाल साहू आदि शामिल होंगे।

समाचार संक्षेप

## विधायक के हाथों गणित पार्क मार्गदर्शिका का हुआ विमोचन



**छुरिया 11 जनवरी।** नववर्ष के शुभ अवसर पर गणित पार्क मार्गदर्शिका पुस्तक का विमोचन सांसद संतोष पांडे एवं संजय अग्रवाल कलेक्टर एवं अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन समिति पीएम श्रीजवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव के कर कमलों द्वारा हुआ। पुस्तक के लेखक स्नेह अग्रवाल ने बताया कि यह पुस्तक विभिन्न विद्यालयों में गणित पार्क निर्माण में सहायता प्रदान करेगी। गत 8 जनवरी को जिला प्रशासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग, जिला राजनांदगांव द्वारा आयोजित जिला स्तरीय महिला खेलकूद 2024 - 25 के उद्घाटन एवं समापन अवसर पर पधारे लक्ष्मी नारायण अग्रवाल अध्यक्ष - अग्रवाल सभा, प्रकाश चौरडिया, जसमीत बन्नोआना, डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, नवाज खान के करकमलों द्वारा भी पुस्तक का विमोचन हुआ। उपस्थित अतिथियों ने गणित पार्क का अवलोकन किया। अतिथियों ने बताया कि स्नेह अग्रवाल के नवाचार दृष्टिकोण से गणित विषय को आसान बनाने में सहायता प्राप्त हुई है। पुस्तक के विमोचन अवसर पर संस्था के प्राचार्य रूपेंद्र सिंह, उप प्राचार्य संजय कुमार मंडल, ए. इक्का खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण विभाग राजनांदगांव, नोडल अधिकारी देवेंद्र अंबादे, ब्लॉक खेल अधिकारी राजकुमार नंदेश्वर, अजय राणा, व्यायाम शिक्षक अनिल कुमार पॉल, उमादेवी धुर्वे एवं विभिन्न ब्लॉक से पधारे प्रतिभागी,खेल प्रशिक्षक एवं व्यायाम शिक्षक उपस्थित थे। विदित हो कि स्नेह अग्रवाल के मार्गदर्शन में बनाया गया नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ का गणित पार्क भारतवर्ष में अपनी एक अलग पहचान बना चुका है, जिसमें खेल-खेल में गणित के कठिन लगने वाले सिद्धांतों एवं नियम को बच्चे आसानी से समझ सकते हैं। गतिविधियों पर आधारित विभिन्न प्रकार के मॉडल नवाचार एवं सीखने के नए दृष्टिकोण को दर्शाते हैं। देश के अन्य विद्यालयों में गणित पार्क निर्माण हेतु नवोदय विद्यालय समिति ने स्नेह अग्रवाल से एक मार्गदर्शिका- पुस्तक का निर्माण करवाया है। अब यह मार्गदर्शिका छत्तीसगढ़ के विभिन्न विद्यालयों में गणित पार्क निर्माण में सहायता प्रदान करेगी। इस शानदार उपलब्धि पर छुरिया के ख्यातिलब्ध कवि, साहित्यकार, शिक्षक एवं उदघोषक दिनेश कुरेटी दिलेर सहित सभी शुभचिंतकों ने स्नेह अग्रवाल को शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## बड़े बचेलीनगर पालिका प्रत्येक शनिवार को करती है कचरा संवेदनशील बिंदु की सफाई



**बचेली 11 जनवरी।** माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में व माननीय नगरीय प्रशासन मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन के अनुसार नगर पालिका परिषद् बड़े बचेली क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री की महत्वपूर्ण योजना स्वच्छ भारत मिशन अर्बन अंतर्गत नगर पालिका बड़े बचेली के द्वारा कई जीवीपी प्वाइंट की सफाई की गई हैं। बता दे की स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता शपथ हर वर्ष 100 घंटे यानी हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करने का का शपथ लिया गया था जिसको पूरा करने के लिए पालिका के द्वारा प्रत्येक शनिवार को शहर के जीवीपी प्वाइंट की सफाई पालिका के अधिकारी कर्मचारी एवं सफाई कर्मचारियों के साथ साथ जिला प्रशासन द्वारा जारी निरीक्षणकर्ता भी शामिल होते हैं । उक्त श्रमदान प्रत्येक शनिवार को 2 घंटे के लिए किया जाता हैं, पालिका टीम द्वारा जुलाई से लेकर अब तक 10 से भी अधिक जीवीपी प्वाइंट की सफाई की जा चुकी हैं। तथा पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री कृष्णा राव द्वारा लोगो से अपील की जा रही हैं कि वे अपना कचरा डोर टू डोर में आने वाले स्वच्छता दीदियों को दे बाहर गंदगी न फैलाएं और शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने रखने में अपना योगदान दें।

## एनएमडीसी किरंदुल ने सब्जी बीज वितरण किया




**किरंदुल 11 जनवरी।** एनएमडीसी लिमिटेड की महत्वपूर्ण परियोजना बीआईओएम कॉम्पलेक्स, किरंदुल के मुख्य महाप्रबंधक श्री संजीव साही जी के निर्देशन एवं उप महाप्रबंधक (कार्मिक) श्री बी.के. माधव के मार्गदर्शन में एनएमडीसी प्रबंधन नैगम सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत परियोजना के परिक्षेत्रीय विकास हेतु प्रतिबद्ध है। इसी के तहत एनएमडीसी प्रबंधन ने अपने आसपास के ग्रामवासियों के जीवन स्तर बढ़ाने और जीविकोपार्जन के लिए आदिवासी किसानों की मांग पर सीएसआर के अन्तर्गत सब्जी बीज का वितरण ग्राम मदाड़ी, चोलनार, पीरनार, हिरोली, समलवार, कलेपाल,कोड़ेनार एवं किरंदुल बस्ती के आदिवासी किसानों को किया गया। परियोजना प्रबंधन द्वारा आदिवासी ग्रामीणों को स्वरोजगार अवसर प्रदान करना, सब्जी उद्योग से जोड़ना जिससे उनकी आय में बढ़ोतरी हो। ग्रामीणों के सब्जी उत्पादन से आमजनों को ताजी, पौष्टिक तथा मल्टीविटामिन प्राप्त होंगे साथ ही सब्जी उद्योग से देश की अर्थव्यवस्था का आधार मजबूत होगा। सब्जी बीज वितरण के दौरान परियोजना प्रबंधन की ओर से श्री विवेक कुमार रक्षा, प्रबंधक (सीएसआर) एवं श्री एस.आर.गावडे, प्रबंधक (सिविल)/सीएसआर के साथ विभिन्न ग्राम के सरपंच व ग्रामवासी उपस्थित थे। सब्जी बीज प्राप्त होने पर आदिवासी ग्रामीणों ने एनएमडीसी परियोजना की सराहना की।

# पक्के आवास में रहने का सपना हुआ पूरा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**कोंडागांव 11 जनवरी।** दिनांक 10/01/2025 को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) मोर जमीन मोर मकान अंतर्गत हितग्राहियों का पक्का मकान में रहने का सपना हुआ पूरा। नगर पालिका परिषद कोंडागांव क्षेत्र अंतर्गत कल 1982 आवास पूर्ण हो चुके हैं। हितग्राही पहले कच्चा मकान में निवास करते थे एवं उनको विभिन्न प्रकार की परेशानियों से सामना करना पड़ता था, शासन की महत्वाकांक्षी योजना अंतर्गत हितग्राहियों को बहुत ही लाभ प्राप्त हुआ एवं वर्तमान में सभी ग्राही खुशहाली पूर्वक नवीन पक्का आवास में निवास रथ हैं। राज्यांश की राशि , केंद्रांश की राशि एवं हितग्राही अंशदान की मदद से हितग्राहियों के द्वारा स्वयं ही आवास निर्माण कार्य कराया गया है।हितग्राहियों के द्वारा सर्वप्रथम नगर पालिका कार्यालय में संपर्क कर आवास योजना का फॉर्म भर गया था शासन के द्वारा डीपीआर स्वीकृति उपरांत, कार्यालय द्वारा उनको भवन अनुग्रह एवं स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया तत्पश्चात उनके द्वारा आवास निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया, हितग्राहियों को कार्य स्तर (फाउंडेशन , लिंटल ,रूफ एवं पूर्ण ) के अनुसार भुगतान कार्यालय द्वारा किया गया।

## मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन का नियमित निरीक्षण कर रहे

**उत्तर बस्तर कांकेर, 11 जनवरी।** स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 के तहत कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार नगरपालिका परिषद् कांकेर के अधिकारी एवं कर्मचारियां द्वारा प्रतिदिवस प्रातः कालीन नगर का भ्रमण कर शहर में सफाई का कार्य कराया जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि शहरी 2.0 अंतर्गत शहरी क्षेत्रों के तालाब, नाली, पेयजल, डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन का नियमित रूप से निरीक्षण किया जा रहा है। डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन में लगे स्वच्छता दीदियों को प्रतिमाह मानदेय के साथ-साथ घरों से निकलने वाले सूखे कचरा एवं गीला कचरा एकत्रित कर सूखे कचरे बेचकर एवं गीले कचरे से खाद बनाकर स्वच्छता दीदीयां की आय में अतिरिक्त वृद्धि भी हो रही है।

## मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत घर के पास दी जा रही है स्वास्थ्य की सुविधा

**सुकमा 11 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । नगरीय प्रशासन मंत्री एवं उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव जी के निर्देशानुसार शहरी क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुचाने के उद्देश्य से आपके घर के पास पहुंच कर आपको स्वास्थ्य सुविधा दी जाती है जिसके तहत आपको मुफ्त इलाज किया जाता है और मोबाइल एप लॉन्च किया गया है। जिससे आपको आपका ब्लड टेस्ट अन्य जानकारी उसमें उपलब्ध है जिसमें आप आईडी बनाकर उसमें आप खुद से अपनी जानकारी ले सकते हैं। नगर पालिका के अधिकारी ने बताया कि इसके लिए मोबाइल मेडिकल यूनिट में जाकर, अपना जांच करने के साथ मोबाइल मेडिकल यूनिट के ऐप मे लॉगिन करें और संपूर्ण जानकारी अपने स्वास्थ्य का रखें वहां आपको एमबीबीएस डॉक्टर , एएनएम लैब टेक्नीशियन सारी सुविधाएं आपको मिलेगी।



## मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रतिदिन कर रहे हैं सफाई,पानी,कचरा कलेक्शन का निरीक्षण

**सुकमा 11 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में व उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अरुण साव जी के मार्गदर्शन में नगर सुकमा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री पी आर कोर्राम द्वारा प्रति दिवस प्रातः कालीन नगर का भ्रमण किया जा रहा है जिसमें मुख्य रूप से नगर की साफ सफाई पेयजल डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, नली सफाई एवं सार्वजनिक शौचालयों का नियमित रूप से निरीक्षण किया जा रहा है, स्वच्छता दीदीयो को 7200 मासिक मानदेय के साथ उनके आए में बढ़ोतरी के लिए घरों से निकलने वाले सूखे कचरे एवं गीले कचरे को खाद बना कर उसे विक्रय कर दीदियों की आय में वृद्धि हुई है, दीदियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इनका स्वास्थ परीक्षण एमएमयू वाहन के माध्यम से कराया जा रहा है, ईसी क्रम में निदान 1100 हेल्पलाइन के माध्यम से साफ-सफाई,पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की कमियों को दूर करने के लिए जारी किया गया है।



### बुरुंदवाड़ा बाबूसेमरा के एमआरएफ सेंटर की गतिविधियों का लिया जायजा

# कलेक्टर ने आड़ावाल क्षेत्र में संचालित शिक्षण संस्थाओं का किया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर 11 जनवरी।** कलेक्टर श्री हरिस एस ने शुक्रवार को आड़ावाल क्षेत्र में संचालित शिक्षण संस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने शासकीय दृष्टि एव बाधितार्थ विद्यालय, अस्थि बाधितार्थ बालगृह, डीएवी स्कूल एवं लाइवलीहुड कॉलेज का निरीक्षण किया और संस्थान द्वारा संचालित शिक्षण गतिविधियों का अवलोकन किया। कलेक्टर ने दृष्टि एव बाधितार्थ विद्यालय के निरीक्षण में पंजीकृत विद्यार्थियों, व्याख्याता- शिक्षकों की स्थिति, डिजीटल लर्निंग लैब, पुस्तकालय, संगीत कक्ष, छात्रावास की व्यवस्था, अस्थि बाधितार्थ बालगृह के कक्ष, फिजियोथैरेपी सेंटर, शयन कक्ष का निरीक्षण कर बच्चों को दी जा रही सुविधाओं का संज्ञान लिया। उक्त संस्था के समीप संचालित डीएवी स्कूल का भी औचक निरीक्षण किया जहां पर विद्यालय के प्राचार्य ने संस्थान के संबंध में आवश्यक जानकारी दी ।

इसके साथ ही कलेक्टर ने लाइवलीहुड कॉलेज का भी निरीक्षण किया, जिसमें संस्थान द्वारा संचालित कोर्सों के संबंध में प्रभारी से जानकारी ली। भवन में प्रशिक्षण ले रहे विद्यार्थियों से बैच प्रारंभ होने से अब तक क्या सीखे की जानकारी ली। इसके साथ ही लाइवलीहुड कॉलेज के अन्य भवनों का अवलोकन किया । कलेक्टर श्री हरिस ने बुरुंदवाड़ा बाबूसेमरा में संचालित मटेरियल रिसायकल फैसिलिट (एमआरएफ) और एमआरसी सेंटर की गतिविधियों का जायजा लिया। उन्होंने प्लास्टिक कचरा प्रबंधन के लिए की जा रही गतिविधियों का जायजा लिया। कलेक्टर को संस्थान के कर्मचारियों ने बताया कि शहर के एसआरएलएम सेंटर से गाड़ियों के माध्यम से प्लास्टिक, कार्टून, काँच, लेदर के सामानों की खरीदी कर लाया जाता है इसके अलावा 114 ग्रामों से भी सामान एमआरएफ सेंटर पहुंचता है। जिसका छंटाई कर अलग-अलग सामानों को रखा जाता है और उनका विक्रय दूसरे राज्यों के खरीददारों या व्यापारियों को किया जाता है। इसके साथ ही एमआरसी सेंटर में प्लास्टिक कचरा से प्लास्टिक के सिल्ली और दाने बनाने की प्रक्रिया का भी कलेक्टर ने अवलोकन किया। उन्होंने सेंटर के प्रारंभ होने से होने वाली आय के बारे में भी जानकारी ली तथा सेंटर के जरिए होने वाली आमदनी से महिला स्व सहायता समूह के सदस्यों के जीवन में आए बदलाव का भी संज्ञान लिया ।

### कचना धुरुवा महाविद्यालय में वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

# विधायक जनकराम ने प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

- सत्र के सर्वश्रेष्ठ रहे छात्र घनश्याम व छात्रा गुनिता
- महाविद्यालय परिवार ने पत्रकारों को स्मृतिचिन्ह भेंटकर किया सम्मान
- छात्र-छात्राओं ने दी मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्र की प्रस्तुति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 11 जनवरी।** गरियाबंद जिले के छुरा नगर मुख्यालय में निजी कचनाध्रुवा महाविद्यालय में शुक्रवार को19वी वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि विन्द्रनावगढ़ विधायक जनक राम ध्रुव शामिल हुए। महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव लक्षकुमार साहू की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में ब्लाक कांग्रेश कमेटी अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा, प्रदेश प्रतिनिधि यशपेन्द्र शाह, जिला कांग्रेश उपाध्यक्ष अब्दुल समद खान, ब्लाक पत्रकार संघ अध्यक्ष व महाविद्यालय पालक प्रतिनिधि नरेंद्र तिवारी, जनपद सदस्य नीलकंठ सिह ठाकुर, पार्षद द्वय अशोक(मक्खू) दीक्षित, हरीश यादव खरखरा सरपंच केदार ध्रुव, आदिवासी नेता अगहन सिह ठाकुर, यादव समाज के जिला अध्यक्ष गोविंद यादव, कांग्रेश नेता खेद नेगी उपस्थित रहे। कचना ध्रुवा महाविद्यालय परिवार द्वारा समस्त अतिथियों का आतिशबाजी कर पुष्पवर्षा के साथ जोरदार स्वागत किया। स्वागत पश्चात अतिथियो के द्वारा महाविद्यालय परिसर में प्रतियोगी छात्र-छात्राओं द्वारा रंगोली से बनाये गए मनमोहक कला कृतियों का अवलोकन किया। तत्पश्चात अतितिथीयो के द्वारा मां सरस्वती एवं भारत माता के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। महाविद्यालय परिवार द्वारा प्रतिभा सम्मान के तहत छात्र-छात्राओं के



साथ-साथ नगर के पत्रकारों को स्मृतिचिन्ह देकर सम्मान किया।

**बेस्ट कॉलेज ब्वाय एवं बेस्ट कॉलेज़ गर्ल का एवार्ड घनश्याम व गुनिता को:** महाविद्यालय प्रबंध समिति द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में छात्र -छात्राओं को सम्मानित किया गया। जिसमें सत्र 2023-24 में सर्वश्रेष्ठ छात्र घनश्याम एवं छात्रा गुनिता ध्रुव एवं कला के क्षेत्र में गूँजा ध्रुव दिया गया। वही खेल में राष्ट्रीय स्तर तक विश्व विद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाली छात्रा कु.खेमिन पटेल एवं दिवाकर दादा को स्मृति चिन्ह भेटकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक जनक ध्रुव ने महाविद्यालय परिवार को 19वी वार्षिक स्नेह सम्मेलन की बधाई देते हुए कहा कि इस आदिवासी विकास खंड में उच्च शिक्षा का अलख जगाने में कचना ध्रुवा महाविद्यालय ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।इस महाविद्यालय को क्षेत्र का पहला महाविद्यालय होने का गौरव प्राप्त है। विधायक ध्रुव ने महाविद्यालय के संस्थापक सेवानिवृत शिक्षक स्वर्गीय धरम लाल साहू की धर्मपत्नी पार्वती साहू का साल व श्रीफल भेटकर सम्मान किया।उन्होंने छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित पालको को संबोधित करते हुए कहा कि हर इंसान का एक इतिहास होता है।शिक्षा का मतलब केवल सरकारी नौकरी नही है।एक सफल व्यक्ति बनने के लिए उच्च शिक्षा ग्रहण करना आवश्यक है।यह समय सीखने का होता है।अच्छे शिक्षा के साथ साथ अच्छे अनुभव का आनंद छात्र जीवन मे ही होता है।

पी.सी.सी.अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा ने प्रतिभावान छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए जीवन मे सतत आगे बढ़ते हुए मातापिता का नाम रोशन कर की बात कही।आदिवासी नेता नीलकंठ सिह ठाकुर ने कहा कि उच्च शिक्षा का प्राथमिक उद्देश्य अपने भविष्य के लिए किसी की क्षमताओं को बढ़ाना है, एक स्कूल में छात्र कई तरह से सिख सकते है, अपने व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित करने वाले अनुभव के माध्यम से बहुत कुछ सीख सकते है। मीडिया एसोसिएशन रायपुर संभागाध्यक्ष परमेश्वर राजपूत ने छात्र छात्राओंसेअपना अनुभव बाटते हुए कहा कि उच्च शिक्षा केवल नौकरी प्राप्त करने के लिए नही किन्तु, उद्देश्य तो जीवन का समग्र विकास होना चाहिए।आप जीवन के किसी भी क्षेत्र में शिक्षा के आधार पर सफल हो सकते है।

इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष जितेंद्र साहू, सदस्य तेजस्वी यादव, लवण साहू, प्राचार्य डॉ दिनेश कुमार साहू, प्राध्यापक तरुण निर्मलकर, रेखराम कुर्रे, आरती साहू, निर्मला यादव, कैलाश साहू, टेमन साहू, पवन यादव, विनोद यादव, धनराज ध्रुव, महेंद्र साहू, टिकेश्वर निर्मलकर, यशवंत यादव, अनीश सोलंकी, यामनी चंद्राकर, दिलीप बघेल, तेजराम ध्रुव, इमरान मेमन, मेषनन्दन पांडे, अविनाश शर्मा, कुलेश्वर सिन्हा, चंद्रहास निषाद, गोपी गोस्वामी सत्यविश्वकर्मा, परमेश्वर राजपूत, सहित हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं व पालकगण उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप




**सिमगा, 11 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सिमगा नगर के शीतला पारा निवासियों ने पिछले वर्ष राम जन्म भूमि में राम मंदिर प्रतिष्ठा की वर्ष गाँठ मनाई तिथि के अनुसार शीतला मंदिर में पूजा पाठ कर राम की रथ सजाई। रथ के पीछे कन्याओं व बालिकाओं का कलश यात्रा और बहुत से समझो के साथ भजन कीर्तन करते पटाखे फोड़ते वह उत्सव मनाते हर्ष उल्लास के साथ पूरी नगर में रथ यात्रा निकाली गई शाम के समय भंडारे का भी आयोजन किया गया है।

### चाकू से हमला करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**भखारा, 11 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 6 जनवरी को प्रार्थी गंगेश सोनवानी निवासी ग्राम रिसदा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि वह अपने साथियों के साथ ग्राम ढाबाडीह में छत्तीसगढ़ नाचा का प्रोग्राम देखने गया था, जो नाच देखने के बाद सुबह करीब 04:00 बजे ग्राम ढाबाडीह के दोनों आरोपी दीनू टंडन तथा रामाधार टंडन द्वारा उसके सांथ लड़ाई झगड़ा करने लगे और अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर आरोपियों द्वारा अपने हाथ में रखे धारदार चाकू से प्रार्थी के साथी हरियाली सोनवानी तथा संदीप को मारपीट किए हैं। धारदार चाकू के वार से संदीप को गंभीर चोट आया है। की रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 15/2025 धारा 109, 3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। की प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा प्रार्थी एवं उसके साथियों के साथ लड़ाई झगड़ा करते हुए उन्हें चाकू से वार कर गंभीर चोट पहुंचाना स्वीकार किया गया।

## एक नजर

### कलेक्टर ने डबल लॉक स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण



**बलौदाबाजार, 11 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दीपक सोनी ने शुक्रवार को संयुक्त जिला कार्यालय के भूतल पर स्थित ट्रेजरी के डबल लॉक स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्ट्रांग रूम में रखे गए विभिन्न मूल्यों के ज्युडिशियल एवं नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर, टिकट, फार्म का अवलोकन कर पंजियों में की गई प्रविष्टि का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने जिला कोषालय अधिकारी से स्ट्रांग रूम में उपलब्ध विभिन्न मूल्यों के न्यायिक एवं गैर न्यायायिक स्टाम्प पेपर तथा रसीदों के बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था की भी जानकारी ली। उन्होंने निरीक्षण के दौरान स्ट्रांग रूम में हर 15 दिन में एंटीटर्माईट का छिड़काव तथा बिजली सप्लाई के लिए ऑटो कट क़ी सुविधा के भी निर्देश दिए। इस दौरान जिला कोषालय अधिकारी जीपी घीदौडे सहित कोषालय के अधिकारी -कर्मचारी मौजूद थे।

### रोड एक्सीडेंट में घायल बाइक चालक को तुरंत पहुंचाया गया हॉस्पिटल



**बलौदाबाजार, 11 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 10 जनवरी को प्रातः 11:00 बजे लगभग सूचना मिली कि थाना लवन क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लाहोद बस स्टैंड में एक मोटरसाइकिल एवं साइकिल में एक्सीडेंट हो गया है, जिसमें मोटरसाइकिल चालक के पैर में गंभीर चोटें आई है। कि सूचना पर हाईवे पेट्रोलिंग में तैनात सहायक उप निरीक्षक टीकाराम ध्रुव एवं आरक्षक महेश निषाद की टीम तत्काल ग्राम लाहोद पहुंची। पुलिस टीम ने पहुंचते ही वहां पर देखा कि घायल मोटरसाइकिल चालक दर्द से कराह रहा था, उसके पैर में चोंटे आई थी। पुलिस टीम द्वारा घायल मोटरसाइकिल चालक को तुरंत हाईवे पेट्रोलिंग वाहन में बैठाकर जिला अस्पताल बलौदाबाजार पहुंचाया गया, जहां पता चला की मोटरसाइकिल चालक के एक पैर में फ्रैक्चर है। साथ ही अस्पताल में तुरंत घायल का उपचार प्रारंभ किया गया।

# नपं की अनदेखी से लाखों रुपए की लागत से निर्मित पुष्पवाटिका बदहाल

## देखभाल व साफ सफाई न होने से गंदगी, दुर्दशा व खेल के सामान टूट-फूट गए हैं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भखारा, 11 जनवरी।** नगर पंचायत भखारा की उदासीन रवैया के चलते धमतरी से रायपुर रोड व भठेली से रामपुर जाने वाली मार्ग के समीप स्थित लाखों रुपए की लागत से निर्मित नगर की एक मात्र पुष्पवाटिका अब अनदेखी से गंदगी, दुर्दशा व टूट-फूट की भेंट चढ़ चुका है।बच्चों, बुजुर्ग और आम नागरिकों की खुशी नगर पंचायत के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने छीन ली है।




नगर पंचायत के अधिकारी दफ्तर तक ही सीमित रह गए है। नगर में लोगों के लिए बनाया गया यह पुष्पवाटिका अपनी बदहाली की आंसू बहा रहा है। उद्यान के भीतर बच्चों के खेलने के लिए लगाए खेल सामग्री भी टूट गई है। उद्यान के भीतर सिर्फ गंदगी का आलम है। न ही लाइट की व्यवस्था है और न ही बैठने के लिए ठीक-ठाक कुर्सी की व्यवस्था है। गार्डन आने वाले बच्चों को मनोरंजन के लिए झूला भी नसीब नहीं हो रहा है। अव्यवस्था के चलते लोगों का यहां आना बंद सा हो गया है।

उल्लेखनीय है कि प्राकृतिक वातावरण, पेड़ पौधों से आच्छादित गार्डन की वादियां। ऐसा नजारा नगर के गार्डन में कभी आम हुआ करता था। आज यहां की स्थिति बदहाल हैं। इतना सब होने के बावजूद अधिकारी आंख बंद कर बैठे हुए हैं। प्रतिदिन आने जाने वाले नगरवासियों की संख्या में भी कमी होती नजर आ रही है। लोगों ने बताया कि पहले गार्डन की स्तिथि सही रहता था तो दिनभर खुला रहता था लेकिन अब नगर पंचायत अपनी अव्यवस्था पर पर्दा डालने के लिए सुबह और शाम को कुछ घंटों के लिए खुला रखते है ताकि लोग यहां न पहुंच सके।

**बच्चे अब नहीं आते हैं....**

पहले छुट्टियों के मौसम में इस उद्यान में छोटे बच्चों की किलकारियां दूर-दूर तक सुनाई देती थी और अब यहां पर मनोरंजन के सभी साधन टूट कर बर्बाद हो गए हैं। यहां छोटे बच्चों का मनोरंजन के लिए फिसलपट्टी, झूले तो लगाए गए है लेकिन यह सब महंगी साम्रगी टूट कर बिखर गई है।

लोग दिनभर की भागदौड़ के बाद गार्डन में लोग ताजा हवा का आनंद लेने अपने बच्चों व परिवार के साथ आते हैं। मगर जब यहां जगह-जगह कूड़े के ढेर मिलते हैं तो लोग नगर पंचायत के उदासीन रवैए को लेकर अपनी नाराजगी भी जताते है। नगर की जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की उदासीनता से नगर की एक मात्र पुष्पवाटिका की स्थिति को बदहाल कर डाले इसकी जिम्मेदार कौन होंगे नगर की जनता पूछ रही है।

### सखी वन स्टॉप सेंटर में विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए वॉक इन इंटरव्यू 20 को

**भखारा, 9 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत सखी वन स्टॉप सेंटर के विभिन्न रिक्त पद यथा केस वर्कर, बहूद्देशीय कार्यकर्ता, पैरालीगल कार्मिक, पैरा मेडिकल कार्मिक एवं सुरक्षा गार्ड के पदों पर महिला सेवा प्रदाताओं के चयन हेतु 20 जनवरी 2025 को प्रातः 9 बजे से संयुक्त जिला कार्यालय भवन, अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय बलौदाबाजार में वॉक इन इंटरव्यू का आयोजन किया गया है।

भर्ती से संबंधित विस्तृत जानकारी कार्यालयीन दिवसों में कार्यालय में उपस्थित होकर एवं जिले के वेबसाईट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट बलौदाबाजार डॉट जीओव्ही डॉट इन www.balodabazar.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202501101000002**

विषय - ब-121
मामले की श्रेणी- राजस्व
सन् 2024-2025

खेदामारा प.ह.न. 00011 [ ( हे. ) ]
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार- प्रेमलाल यादव,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

आवेदक - प्रेमलाल यादव पिता/पति/विभाग-चुरामन लाल पता-खेदामारा तहसील व जिला दुर्ग द्वारा अपने स्वयं का जन्म दिनांक 10/04/1974 को स्थान ग्राम खेदामारा तहसील व जिला दुर्ग में होने से जन्म प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदक द्वारा अपने आवेदन पत्र के समर्थन में अनुपलब्धता प्रमाण पत्र सहित अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 20.01.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयवधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/01/2025 को जारी किया जाता है।

अतिरिक्त तहसीलदार
मुहर उप तहसील, भिलाई नगर (छ.ग.)

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा**

**ईश्तहार**

क्रमांक/ /तह./वा./25
सिमगा, दिनांक 06/01/2025
रा.प्र.क्र...... /ब-121/2024-25
ग्राम-मुसवाडीह प.ह.नं. 18

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता आवेदक अमरदास टण्डन पिता सिलन टण्डन निवासी ग्राम मुसवाडीह थाना सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) ने आवेदन मय शपथपत्र पेश कर निवेदन किया है कि उनकी पिता शिलन टण्डन पिता गेजवा का (मृत्यु) दिनांक 03/10/2013 को मुसवाडीह मुसवाडीह में होने पर भूलवश मृत्यु का पंजीयन नहीं करा पाने के कारण मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 22/01/2025 को दावा आपति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक. 06/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
मुहर सिमगा

**न्यायालय तहसीलदार, तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर (छ.ग.)**

रा.मा.क्र. 202501110300032
/अ 74 वर्ष 2024-25
ग्राम ताराशिव प.ह.नं. 14
रा.नि.म. टण्डवा

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है संचालक, उद्योग संचालनालय, छ.ग. उद्योग भवन रिंग रोड नं. 01 तेलीबांधा, रायपुर द्वारा ग्राम ताराशिव, प.ह.न. 14 तहसील- तिल्दा नेवरा, जिला -रायपुर (छ.ग.) स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 312/1, 815/1, 820/1-3 604/1 रकबा क्रमशः 1.910, 3.966, 7.972, 8.175. हे. में से रकबा क्रमशः 1.598, 3.966, 2.500, 8.175 हे. कुल ख.नं. 05 कुल रकबा 16.239 हे. को औद्योगिक प्रयोजन हेतु मुख्य महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रायपुर को हस्तांतरण/आबंटन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति यदि कोई हो तो यह पेशी तिथि 23.01.2025 तक स्वयं अथवा अभिभाषक अथवा विधिमान्य व्यक्ति के द्वारा अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। मियांद बाद प्राप्त दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर सहित जारी किया गया।

तहसीलदार
तिल्दा-नेवरा
मुहर जिला-रायपुर (छ.ग.)

### सफाई व्यवस्था सुधारने सीएमओ प्रतिदिन कर रहे वार्डों का निरीक्षण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 11 जनवरी।** नगरीय प्रशासन मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री (छ.ग. शासन) के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन के अनुसार नगर पालिका परिषद भाटापारा क्षेत्र में साफसफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी क्रम में पालिका के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा किए जाने वाले कार्य जिसमें बिखरे कचरे को समेटने के साथ-साथ आवासीय एवं व्यवसायिक इलाकों में निस्तार हेतु बनाई गई नालियों समेत जीवीपी पॉइंट के सफाई कार्यो, स्वच्छता दीदियों के द्वारा डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का निरीक्षण किया गया। नगर पालिका सीएमओ जफर खान और आनंद राठोर द्वारा विभिन्न वार्डों में सफाई अभियान का निरीक्षण किए जाने के समय स्थानीय लोगों से चर्चा भी की गई। साथ ही सफाई कार्य में सहयोग एवं ऐसे सुझाव भी मांगे जिसमें पालिका प्रशासन द्वारा सफाई कार्यों को बेहतर बनाया जा सके।

### अपर कलेक्टर ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

## सफाई सहित पेयजल सुविधाओं को दुरुस्त करने के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 11 जनवरी।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर अपर कलेक्टर भूपेंद्र कुमार अग्रवाल शुक्रवार जिला मुख्यालय स्थिति जिला अस्पताल निरीक्षण पर पहुंचे। उन्होंने अस्पताल में साफ -सफाई, मरीजों एवं आगन्तुकों के लिए पेयजल व्यवस्था, ओपीडी, आईपीडी, लैब सहित विभिन्न कक्षों एवं पोषण पुनर्नवास केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए।



ओपीडी एवं आईपीड़ी में पंजीयन प्रणाली, कुल पंजीयन की जानकारी लिया गया। इसीतरह विगत एक माह में आयुष्मान कार्ड से ईलाज व रिफरल मरीजों की भी जानकारी ली गई। प्रसूति विभाग में विगत माह में भर्ती हुए प्रसूताओं में रिफरल की जानकारी ली गई जिसमें बतया गया क़ि सबसे अधिक पलारी व रोहांसी क्षेत्र से भर्ती हुए है। इस क्षेत्र के सीएचसी में स्त्री रोग विशेषज्ञ नहीं होने के कारण रिफरल केस ज्यादा हैं।विगत माह दिसंबर में 285 महिलाओं का प्रसूति कराया गया।उन्होंने आयुष्मान कार्ड से ईलाज क़ी भी जानकारी ली जिसमें बताया गया क़ि 1 से 10 जनवरी तक कैजुल्टी में 35 एवं अन्य में 64 पंजीयन हुआ है।प्रसूति कक्ष में भर्ती प्रसूताओं से भोजन एवं अन्य सुविधाओं के सम्बन्ध में पूछताछ क़ी जिस पर बताया गया कि भोजन व नाश्ता समय पर और गुणवत्तापूर्ण मिल रहा है। अपर कलेक्टर ने परिसर में संचालित 7 बिस्तरीय पोषण पुनर्नवास केंद्र क भी निरीक्षण किया।

### मधुकैटभ को राग-द्वेष और हयग्रीव को मन की गति व मन की अच्छाई-बुराई के रूप में की व्याख्या

# मन की बुराइयों का अंत मन की अच्छाइयां ही कर सकती हैं: विष्णु अरोड़ा

- पांचवें दिन देवी भागवत में मधुकैटभ वध, एवं हयग्रीव वध की कथा हुई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 11 जनवरी।** भाटापारा में नागरिक ज्ञान यज्ञ समिति के द्वारा आयोजित कल्याण क्लब मैदान में देवी भागवत का आयोजन का पांचवा दिवस संपन्न हुआ। जिसमें संत बालयोगी विष्णु अरोड़ा नें पांचवे दिवस की कथा में मधुकैटभ के वध की कथा सुनाई जिसमें भगवान विष्णु के कान से जन्म लेने वाले मधु कैटभ नाम के राक्षसों के द्वारा भगवती की उपासना और तप कर अपनी इच्छा और अपने मनपसंद स्थान पर मरने का वरदान मांगते है जिसके उत्पात से घबराये देवताओ और ब्रम्हा के द्वारा भगवान नारायण से उसके वध के लिए निवेदन है जिसके बाद भगवान नारायण और मधुकैटभ राक्षसो के बीच हजारो वर्षो तक युद्ध होता है लेकिन मधुकैटभ के न मरने के कारण भगवान नारायण देवी भगवती की उपासना करते है जिसके बाद चतुराई का सहारा लेने के लिए देवी भगवती कहती है जिसके बाद अपने चतुराई की सहायता से भगवती के शक्ति से उन राक्षसो का वध भगवान




नारायण करते है वही भगवती के द्वारा भगवान शंकर, विष्णु एवं ब्रम्हा को स्त्रीयॉ प्राप्त हुई जिनकी महागौरी, महालक्ष्मी एवं महासरस्वती की कथा पंडाल में उपस्थित स्त्राताओ को विस्तार से सुनाया। पंजाब के जाने वाले संत रामतीर्थ के जीवनी की सच्ची घटना का वर्णन भी संत विष्णु ने अपने कथा वाचन में किया। वही हयग्रीव राक्षस के द्वारा वेदो को ब्रम्हा से चुराने और भगवान नारायण के शीश कटने व घोड़े के शीश को भगवान नारायण के धारण करने की कथा सुनाई क्यों कि हयग्रीव राक्षस ने तपस्या कर वरदान पाया था कि मेरे ही स्वरूप का ही मुझे मार सकेगा। वही कथाओं के अंत में संत बालयोगी विष्णु अरोड़ा ने अध्यात्म चिंतन में कथाओ के सार को बताते हुए मधु कैटभ को मिठा-कडुआ या राग-द्वेश के रूप में व्याख्यायित किया एवं हयग्रीव की कथा का भी अध्यात्म स्वरूप में सार बताया।

**कार्यालय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक**
**जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**
दूरभाष क्र. 07868-241559 (कार्या.) फैक्स नं.-241490
कंट्रोल रुम कांकेर फैक्स नं.-07868-223071
ई-मेल आई.डी. sp-kanker.cg.@nic.in

क्रमांक/वरि.पु.अ./कांकेर /र.नि./एम.टी./07/2025, दिनांक 06/01/2025

**निजी वाहनों के अधिग्रहण हेतु निविदा आमंत्रण सूचना**

पुलिस अधीक्षक कार्यालय कांकेर की ओर से पंजीकृत ट्रेवल्र्स एजेंसीओं को इकाई में केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बलों, नक्सल विरोधी अभियानों एवं अन्य महत्वपूर्ण ड्यूटी हेतु प्राईवेट वाहन किराये पर प्रदाय किये जाने हेतु मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र एवं शर्तें कार्यालय रक्षित निरीक्षक रक्षित केन्द्र कांकेर से रूपये 3000.00 नगद भुगतान कर कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किये जा सकते है।

| | | |
|---|---|---|
| निविदा विक्रय की अंतिम तिथी | : | 15.01.2025 समय 05.00 बजे (अपरान्ह) तक |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथी | : | 18.01.2025 समय 03:00 बजे (अपरान्ह) तक |
| निविदा खोलने की तिथी | : | 20.01.2025 समय 04.00 बजे (अपरान्ह) तक |

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
जी- 242505260/4 जिला-उत्तर बस्तर कांकेर

## एक नजर

### पति ने पत्नी को उतारा मौत के घाट, फरार

**रायपुर, 11 जनवरी।** ग्राम कोटनी में एक युवक ने अपनी पत्नी के सिर पर लोढ़ा से हमला कर हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने आरोपी के पति के खिलाफ हत्या का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतिका दुर्गा यादव 34 वर्ष ग्राम कोटनी के रहने वाली थी। बताया जाता है कि आरोपी पति संतोष यादव ने पारिवारिक विवाद को लेकर अपनी पत्नी दुर्गा यादव पर सील लोढ़ा से सिर पर मारकर चोट पहुंचाया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी पति फरार हो गया। मामले में मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ हत्या का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### युवक के खाते से 1.75 लाख पार

**रायपुर, 11 जनवरी।** शिवनगर में क्रेडिट कार्ड के वालेट में केश देने का झांसा देकर 1 लाख 75 हजार की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी विजेन्द्र चंद्राकर 40 वर्ष शिवनगर हांडीपारा का रहने वाला है। प्रार्थी ने आजाद चौक थाना में शिकायत किया कि उसके पास अज्ञात मोबाइल नंबर 90358-55936 से कॉल आया और उक्त व्यक्ति ने अपने आप को डीबीएस कंपनी का कर्मचारी बताकर प्रार्थी से कहा कि आपके क्रेडिट कार्ड में वॉलेट केश डालना है उसके लिए ओटीपी बताओं जिससे प्रार्थी के ओटीपी बताने पर अज्ञात आरोपी ने उसके खाते से दो बार में 1 लाख 75 हजार रुपए आहरण कर लिया।

### दूसरे की जमीन को अपना बताकर 1.21 करोड़ की ठगी

**रायपुर, 11 जनवरी।** माना कैंप रोड रायपुर में दूसरे की जमीन को अपना बताकर 1 करोड़ 21 लाख रुपए में बेचने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया प्रवीण अग्रवाल 49 वर्ष शंकर नगर खम्हारडीह की रहने वाली है। प्रार्थिया ने मंदिरहसौद थाना में शिकायत किया कि आरोपी देवंतीन वर्मा अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर माना रोड स्थित 5 एकड़ दूसरे की जमीन को अपना बताकर प्रार्थिया से सौदा तय कर लिया और फर्जी इकरारनामा तैयार कर 1 करोड़ 21 लाख रुपए में बेच दिया। जब इस बात की जानकारी प्रार्थिया को हुई तो उसने इसकी शिकायत मंदिरहसौद थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### राज्य युवा महोत्सव : मुख्यमंत्री विष्णु देव साय करेंगे युवाओं के साथ संवाद

# 3500 युवा कलाकार बिखेरेंगे जलवा

**रायपुर, 11 जनवरी।** राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में 12 से 14 जनवरी तक राज्य युवा महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा. खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने मीडिया से चर्चा में बताया कि यह आयोजन राज्य की प्रतिष्ठा और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है, जिसमें प्रदेश के 33 जिलों से लगभग 3500 युवा प्रतिभागी भाग लेंगे.

**प्रतिभागियों के लिए आवासीय व्यवस्था :** राज्य युवा महोत्सव में प्रतिभागियों के लिए आवासीय व्यवस्था रायपुर के विभिन्न होटलों और भवनों में की गई है. साथ ही भोजन और अन्य सुविधाओं का भी समुचित प्रबंध किया गया है. तीन दिवसीय आयोजन में युवाओं को छत्तीसगढ़ की संस्कृति, कला और परंपरा का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा.





#### तीन दिन तक कार्यक्रम

**पहले दिनः** राजधानी में तीन दिन तक हजारों कलाकार प्रस्तुति देंगे. पहले दिन 12 जनवरी को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की अध्यक्षता में महोत्सव का उद्घाटन होगा. जिसके बाद मुख्यमंत्री साय युवाओं के साथ संवाद करेंगे. श्रीराम मंदिर निर्माण पर आधारित नाटक ÷मैं अयोध्या हूं÷ की प्रस्तुति होगी. इसके अलावा एक दशक में भारत के विकास की कहानी को दर्शाता लेजर शो होगा.

**दूसरे दिनः** महोत्सव के तीसरे दिन 13 जनवरी को 'सुपर 30' के प्रसिद्ध शिक्षक श्री आनंद कुमार युवाओं को प्रेरित करेंगे. वहीं दायरा बैंड ÷ऐसा जादू है मेरे बस्तर में÷ की प्रस्तुति देंगे.

**तीसरे दिनः** कार्यक्रम के अंतिम दिन राज्यपाल रमेन डेका, युवा महोत्सव के विजेताओं को पुरस्कृत करेंगे, जिसके बाद डॉ. कुमार विश्वास और अन्य कवियों के साथ ÷युवा कवि सम्मेलन÷ महोत्सव का समापन होगा.

#### इन पारंपरिक और आधुनिक विधाओं का प्रदर्शन

लोकनृत्य और लोकगीत, कहानी लेखन, चित्रकला, और कविता, विज्ञान मेला और हस्तशिल्प, टेक्सटाइल और कृषि उत्पाद, रॉक बैंड प्रदर्शन राज्य युवा महोत्सव से बड़े मंच पर कलाकारों को प्रदर्शन का मौका मिलेगा. यह मंच छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत और युवाओं की अद्वितीय प्रतिभा को प्रदर्शित करने के साथ युवाओं को प्रेरित करेगा.

## विवेकानंद जयंती पर राजधानी में होंगे अनेक कार्यक्रम

■ मुख्य नगर संवाददाता



■ युवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा स्वामी का जन्मदिन
■ तीन दिवस कार्यक्रम होंगे साइंस कालेज मैदान में

**रायपुर, 11 जनवरी।** स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में 12 जनवरी को मनाई जाएगी। इस अवसर पर रामकृष्ण मिशन, विवेकानंद आश्रम, खेल संचालनालय एवं अन्य सामाजिक संगठनों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

भारत के युवाओं को नई सोच देने वाले युवा संन्यासी स्वामी विवेकानंद का जन्मदिवस राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस अवसर पर युवाओं से संवाद करेंगे। रामकृष्ण मिशन, विवेकानंद आश्रम रायपुर में स्वामी विवेकानंद के प्रति युवाओं के विचार पर परिचर्चा होगी। आश्रम में हाल ही में हुई पाठ आवृत्ति प्रतियोगिता, अतर्विद्यालय विवेकानंद भाषण प्रतियोगिता सहित अन्य प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा। खेल संचालनालय रायपुर द्वारा भी तीन दिवसीय कार्यक्रम विज्ञान महाविद्यालय में रखा गया है। पहले दिन आरू साहू एवं उनके साथियों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। दूसरे दिन पटना के जी-30 ग्रुप तथा बस्तर बैंड ब्रांड का कार्यक्रम होगा। अंतिम दिन सुप्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास एवं उनके साथियों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।

राजधानी के विभिन्न सामाजिक व शैक्षणिक संगठनों द्वारा भी अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें बच्चों के फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता तथा अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आश्रम में हिंदू तिथि के अनुसार स्वामी विवेकानंद का 163वां जयंती समारोह 21 जनवरी को मनाया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर में मंगल आरती, बाल भोग, विशेष पूजा भोग, हवन, आरती, पुष्पांजलि, पुरस्कार वितरण तथा शाम को 6 से 7 बजे प्रार्थना व भजन का आयोजन किया जाएगा।

# मालवीय रोड और पेटी लाइन पर चला प्रशासन का बुलडोजर

**रायपुर, 11 जनवरी।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर राजधानी की यातायात व्यवस्था को दुरूस्त किया जा रहा है। नगर निगम की टीम मालवीय रोड, पेटीलाइन एवं चिकनी मंदिर मार्गों में पहुंची और सड़कों में अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई की। अधिकारियों ने सख्त निर्देश दिया कि दुकानों से सड़कों तक अतिक्रमण किया जाएगा तो कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉ. गौरव सिंह एवं नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर मालवीय रोड एवं पेटीलाइन की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने की कार्रवाई की गई। 32 दुकानों पर कार्रवाई करते हुए उसे हटाया गया और सड़क पर कब्जा करके रखे गए सामानों की जब्ती की गई। यह अभियान सतत जारी रहेगा। साथ ही जुर्मानें की कार्रवाई भी निरंतर जारी है। कलेक्टर ने कहा कि जिन स्थानों में वर्तमान में कार्रवाई की गई है, उन स्थानों में दोबारा अतिक्रमण नहीं होनी चाहिए और जोन अधिकारी समय-समय पर निरीक्षण करें और साफ-सफाई भी निरंतर होनी चाहिए।



उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री एवं कलेक्टर के निर्देश पर राजधानी की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इससे आमजनों को काफी राहत भी मिलेगी।

### भूपेश बघेल के बयान पर मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार का पलटवार

**रायपुर, 11 जनवरी।** सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे 'छत्तीसगढ़ के रामायण' वीडियो पर सियासत शुरू हो गई है. पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बयान पर सीएम साय के मीडिया सलाहकार पंकज झा ने कहा है कि इस वीडियो से किसी कथित पीआर टीम का लेना-देना नहीं है. भावना आहत हुई हो तो आप न्यायिक उपचार का सहारा ले सकते हैं. इस सरकार का दरवाजा हर प्रार्थी के लिए सदा खुला हुआ है. भूपेश बघेल के बयान पर पलटवार करते हुए पंकज झा ने कहा है कि जैसा आपका और आपकी पार्टी का रिकॉर्ड रहा है श्रीमान, वैसे में कोई बड़ी बात नहीं कि सुर्खियां बटोरने के लिए खुद ही बनवाया हो और उसका खुद ही विरोध कर हमेशा की तरह नॉन इशू को इशू बनाने में लगे हो. अगर ऐसा नहीं है तो आम जनता सोशल मीडिया पर अपनी तरह से आजकल रचनात्मक अभिव्यक्ति करती है. इसमें अनावश्यक रूप से किसी 'टीम' पर प्रहार करना आपकी विवशता दिखाता है. अगर यह आपकी टीम ने नहीं किया है तो ऐसी क्रियेटिविटी को अपने विरुद्ध प्राकृतिक न्याय मानकर कृपया सहन कीजिए. भांचा राम आपको सहिष्णु बनाएं. झा ने पोस्ट पर आगे लिखा है कि छत्तीसगढ़ कांग्रेस के तमाम अपराधों को अगर क्षमा भी कर दिया जाए तो जिस तरह की हरकत आपकी टीम ने अटलजी की स्मृति को बदनाम कर किया था, जिस तरह आप लोगों ने राज्य निर्माता भारत रत्न का अपमान किया था।

### जिला पंचायत अध्यक्षों का आरक्षण तय

# रायपुर जिला पंचायत का पद हुआ सामान्य

■ तिल्दा के राजू शर्मा ने अध्यक्ष पद के लिए की दावेदारी

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 11 जनवरी।** जिला पंचायत के अध्यक्ष का पद सामान्य घोषित कर दिया गया है। आज जिला अध्यक्षों की आरक्षण के लिए लॉटरी निकाली गई। जनपद अध्यक्ष का चुनाव वैसे तो गैर राजनीतिक आधार पर लड़े जाते हैं लेकिन वर्तमान जिला पंचायत में सभापति राजू शर्मा ने अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ने की घोषणा की है।

तिल्दा-नेवरा के समाजसेवी एवं भाजपा नेता राजू शर्मा पिछले कई दिनों से धरसींवा विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय हैं। वे विभिन्न मुद्दों को लेकर संघर्ष करते रहते हैं। राजू शर्मा ने बताया कि खरोरा मण्डल क्रमांक 5 से वे बतौर सदस्य के रूप में चुनाव लड़ेंगे। इसके पश्चात अध्यक्ष पद की दावेदारी करेंगे। ज्ञात रहे प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव प्रणाली है। रायपुर जिला पंचायत में कुल 16 सदस्य हैं। पिछले चुनाव में उठापटक के चलते महिला प्रत्याशी डोमेश्वरी वर्मा को अध्यक्ष बना दिया गया था। वर्तमान राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा भी उपाध्यक्ष पद पर काबिज हैं।

नगरीय निकायों के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए आरक्षण तय हो गया है. निमोरा स्थित ठाकुर प्यारेलाल पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान में आज जिला पंचायत अध्यक्ष पदों के लिए आरक्षण की कार्रवाई संपन्न की गई. इसमें रायपुर सहित महासमुंद, कबीरधाम, मुंगेली, सारंगढ़-बिलाईगढ़, धमतरी को अनारक्षित मुक्त रखा गया है.

## मुफ्त डिजिटल मार्केटिंग मास्टर क्लास, 60 उद्यमियों ने लिया लाभ

**रायपुर, 11 जनवरी।** जयस्तंभ चौक स्थित आारंभ इनक्यूबेशन और इनोवेशन सेंटर में रविवार को एक मुफ्त डिजिटल मार्केटिंग मास्टरक्लास का आयोजन किया गया। इस सत्र में जाने-माने डिजिटल मार्केटर और उद्यमी लक्षित सेठिया, जो सोशलसेलर अकादमी के संस्थापक हैं, ने रायपुर के 60 उद्यमियों को डिजिटल मार्केटिंग के मूलभूत सिद्धांतों पर प्रशिक्षण दिया।

यह दो घंटे का सत्र था, जिसमें प्रश्नोत्तर सत्र भी शामिल था। प्रतिभागियों ने न केवल अपनी शंकाओं का समाधान पाया, बल्कि यह भी समझा कि डिजिटल मार्केटिंग के माध्यम से अपने व्यवसाय को ऑनलाइन कैसे बढ़ाया जा सकता है। इस पहल ने छात्रों और उद्यमियों को यह समझने में मदद की कि डिजिटल मार्केटिंग प्रथाओं का उपयोग करके स्टार्टअप्स कैसे विकसित होते हैं। लक्षित सेठिया, जिनके सोशल मीडिया पर 10 लाख से अधिक फॉलोअर्स हैं और जो पिछले आठ वर्षों से डिजिटल मार्केटिंग में सक्रिय हैं, ने इस सत्र का नेतृत्व किया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को यह भी सिखाया गया कि कंटेंट क्रिएशन उनके व्यवसाय के प्रचार में कितना महत्वपूर्ण है। इसके अलावा, उन्होंने बहुत ही सरल तरीकों से वेबसाइट बनाने और डिज़ाइन करने का प्रशिक्षण भी दिया, ताकि कोई भी गैर-तकनीकी व्यक्ति अपनी वेबसाइट आसानी से बना सके। आारंभ इनक्यूबेशन सेंटर रायपुर नगर निगम की एक पहल है, और यह इस प्रकार का तीसरा आयोजन था। अब तक, इस सेंटर ने 150 से अधिक लोगों को प्रशिक्षित किया है और 70 से अधिक नौकरियां सृजित की हैं।



## कलेक्टर सिंह ने सीएमएचओ कार्यालय का किया निरीक्षण



**रायपुर, 11 जनवरी।** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने रायपुर स्थित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय में उपस्थित रजिस्टर की जांच की और सभी कर्मचारियों को निर्धारित समय पर कार्यालय पहुंचने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट किया कि कर्मचारियों को अपने समय की पाबंदी सुनिश्चित करनी होगी ताकि कार्यालय के कार्य बिना किसी रुकावट के चल सकें। डॉ. सिंह ने आयुष्मान शाखा के संचालन के बारे में भी महत्वपूर्ण निर्देश दिए। वर्तमान में जो आयुष्मान शाखा प्रथम तल पर स्थित थी, उसे अब ग्राउंड फ्लोर में शिफ्ट करने की बात कही। उन्होंने यह कदम उठाने के पीछे मुख्य कारण बताया कि इससे आने वाले हितग्राहियों को कोई कठिनाई नहीं होगी और वे आसानी से अपनी सेवाएं ले सकेंगे। इसके अलावा कलेक्टर ने सीएमएचओ कार्यालय के सभी दरवाजों को कार्यकाल के दौरान खुला रखने का आदेश दिया और यह सुनिश्चित करने की बात कही कि कार्यालय के किसी भी गेट पर पर्दा नहीं लगे। उन्होंने कार्यालय के स्टोर रूम के मरम्मत और प्रशिक्षण परिसर में बाथरूम के निर्माण के लिए विभागीय अधिकारियों को प्रस्ताव भेजने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के सीईओ विश्वदीप, सीएमएचओ डॉ मिथिलेश चौधरी, डीपीएम मनीष मेजरवार उपस्थित रहे।

# अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हेलमेट एवं कार वालों को सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य

**रायपुर, 11 जनवरी।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशों का अब त्वरित अमल हो रहा है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में कलेक्ट्रेट के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समस्याओं को सुना। कलेक्टर डॉ. सिंह ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दोपहिया वाहन चलाने के दौरान हेलमेट लगाने एवं कार सवार को शीटबेल्ट लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि विभागीय प्रमुख निर्धारित समय पर कार्यालय पहुंचे और कर्मचारियों के भी समय पर निर्धारित समय पर पहुंचना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने सभी विभागों के उपस्थिति रजिस्टर की जांच की और उपस्थिति की जांच की। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि अब समय पर कार्यालय नहीं पहुंचने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि कलेक्ट्रेट में पहुंचने वाले सभी आमजनों के साथ अधिकारी एवं कर्मचारी सहज व्यवहार रखें और कार्यालयों की साफ-सफाई भी रखी जाएं। कलेक्टर ने कहा कि महिला एवं पुरुष टॉयलेट की सफाई समय-समय पर की जाएं।



कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि प्रत्येक शुक्रवार को शाम 5:15 बजे सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति की जांच की जाएगी। अनुपस्थित मिलने पर संबंधित पर कार्रवाई भी की जाएगी। साथ ही प्रत्येक कार्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के नाम की पट्टिकाएं होना अनिवार्य है।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी प्रत्येक सोमवार एवं गुरूवार को निर्धारित समय पर कार्यालय पहुंचकर आमजनों से मुलाकात करेंगे और उनकी समस्याओं का निराकरण करेंगे। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप भी उपस्थित थे।

अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि



डॉ. मोतीलाल शर्मा

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पिताजी **डॉ. मोतीलाल शर्मा** का स्वर्गवास दिनांक 30 दिसंबर 2024 सोमवार को हो गया है। इस दुख की घड़ी में पधारकर दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को सांत्वना प्रदान करने की कृपा करें।

-कार्यक्रम-
तेरहवीं - रविवार दिनांक 12 जनवरी 2025
समय दोपहर 12 बजे से 5 बजे तक -
स्थान - सोहागा मंदिर, ब्राम्हणपारा, रायपुर (छ.ग.)

शोकाकुल-पृथु शर्मा (नाती), प्रश्रय शर्मा (नाती), कृतार्थ शर्मा (नाती)
एवं समस्त दादर, माचाभाट, जुलुम-सोनपैरी परिवार

विनीत-प्रकाश शर्मा (पुत्र)
सरोजनीसांई मंदिर गली आजाद चौक
ब्राम्हणपारा, रायपुर (छ.ग.)
संपर्क-9826117061,8518000090

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26